पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 1 ◆ रायपुर 05 जुलाई 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### आग्रह-अनुरोध लेकर प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

# मुख्यमंत्री के जनदर्शन में नागरिकों में जबरदस्त उत्साह

## आवेदनों के निराकरण पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद देने आए लोग

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निवास कार्यालय में आज दूसरे सप्ताह के जनदर्शन कार्यक्रम में नागरिकों में जबरदस्त उत्साह रहा। मुख्यमंत्री साय से मुलाकात करने और अपने आग्रह-अनुरोध उन्हें प्रत्यक्ष सौंपने के लिए प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोग आए।



मेधावी बच्चों को प्रोत्साहन राशि और स्कूटी के लिए 26 लाख रूपए



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्रमवीरों के मेधावी बच्चों को दो-दो लाख रूपए के चेक भी प्रदान किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपने निवास कार्यालय परिसर में अपनी मां के नाम दहीमन का पौधा लगाया। जनदर्शन स्थल के पास स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया था, जिसका नागरिकों ने लाभ उठाया। आज के कार्यक्रम में अनेक ऐसे लोग मुख्यमंत्री को धन्यवाद कहने आए थे, जो पिछले जनदर्शन में आए थे और उनके आवेदनों का निराकरण भी हो गया था।

आज आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत 13 बच्चों को दो-दो लाख रूपए के चेक दिए गए। इसमें से एक लाख रूपए प्रोत्साहन के रूप में और एक लाख रूपए स्कूटी खरीदने के लिए दिए गए। पंजीकृत निर्माणी श्रमिक परिवारों के पुरस्कृत बच्चों ने दसवीं और बारहवीं में 2023-24 के टॉप-10 सूची में स्थान बनाया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अपनी मां के नाम दहीमन का, जो पौधा लगाया है, वह औषधीय गुणों से युक्त है। यह पौधा सरगुजा अंचल में पाया जाता है।



मुख्यमंत्री ने लोगों से भी मां के नाम अपने-अपने निवास या गांव में पौधा लगाने की अपील की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में लोगों से एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की थी।

इस बार के जनदर्शन में बड़ी संख्या में ऐसे भी लोग शामिल हुए, जो पिछले बार के जनदर्शन में भी आए थे, तब उनके आवेदनों का निराकरण मुख्यमंत्री के निर्देश पर तत्काल कर दिया गया था। इन लोगों ने त्वरित कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।



श्री साय ने अपनी मां के नाम रोपा दहीमन का पौधा



## केंद्र सरकार ने कैबिनेट कमेटियों का किया गठन

### सहयोगी दलों को मिले अहम पद



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने बुधवार को विभिन्न कैबिनेट कमिटियों का गठन किया, जिनमें सुरक्षा, आर्थिक और राजनीतिक मामलों से संबंधित देश की सर्वोच्च निर्णायक समितियां भी शामिल हैं। इन कैबिनेट कमिटियों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसकी अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के घटक दलों-- जनता दल यूनाइटेड (जदयू), तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा), जनता दल सेक्युलर जद एस, शिवसेना, लोक जनशक्ति पार्टी के कोटे से बने मंत्रियों को जगह मिली है।

### सुरक्षा मामलों से संबंधित कमेटी

एक सरकारी अधिसूचना के अनुसार, सुरक्षा मामलों से संबंधित मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस)में प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस.जयशंकर शामिल हैं। सीसीएस सुरक्षा एवं सामरिक मामलों से संबंधित सभी मुद्दों पर देश का शीर्ष निर्णायक निकाय है।

### आर्थिक मामले से संबंधित कमेटी

आर्थिक मामले संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस जयशंकर, सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बस को दिखाई हरी झंडी

**रायपुर।** ये आपके पापा के बॉस है और इन्हीं के प्रयासों से आप सभी को स्कूल बस मिला है। आप सभी अब आराम से और सुरक्षित ढंग से स्कूल आ जा सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज पुलिस परिवार के स्कूली बच्चों से चर्चा के दौरान गृहमंत्री का परिचय कराते हुए ये बातें कहीं। सभी बच्चों ने बस मिलने की खुशी में ताली बजाकर मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को थैंक यू कहा। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि आप सभी अच्छे से पढ़ाई करें और खूब तरक्की करें।

दरअसल आज राजधानी रायपुर के अमलीडीह स्थित पुलिस कॉलोनी में रहने वाले पुलिस परिवार के बच्चों को उनकी स्कूल बस मिल गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस परिवार की नन्हीं छात्रा मारिया भतपहरी को बस की चाबी सौंपी। उन्होंने पुलिस परिवार के सदस्यों के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह बड़ी अच्छी पहल है। बच्चों की परेशानी दूर हुई है और अब बच्चे सुरक्षित स्कूल आ जा सकेंगे।



**वहीं सैकड़ों की संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र तक नहीं पहुंच पाये**

# शिक्षक पात्रता परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थी शामिल हुये

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** छत्तीसगढ व्यवसायिक परीक्षा मंडल व्यापम द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 की परीक्षा भाटापारा शहर मे प्रथम व द्वितीय पाली मे आयोजित की गई। जिसमे प्रथम पाली के परीक्षा केन्द्र शासकीय महाविद्यालय मे 243 परीक्षार्थी उपस्थित हुये वहीं 157 परीक्षार्थी केन्द्र मे परीक्षा देने नहीं पहुंचे इसी तरह शासकीय ईतवारी राम यादव हायर सेकेण्डरी स्कूल मे 247 परीक्षार्थी परीक्षा देने उपस्थित थे वहीं 153 परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र मे अनुपस्थित रहे इसी तरह शासकीय पंचम यादव दीवान कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा केन्द्र मे 228 परीक्षार्थी परीक्षा देने शामिल हुये वहीं 172 परीक्षार्थी यहां भी परीक्षा देने नहीं पहुंचे, नगर पालिका कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल मे 195 परीक्षार्थी परीक्षा मे शामिल हुये वहीं 105 लोग अनुपस्थित रहे। शासकीय हायर सेकेडरी स्कूल रामसागर पारा मे 121 परीक्षार्थी उपस्थित थे वहीं 79 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे इसी तरह द्वितीय सत्र की परीक्षा मे शासकीय महाविद्यालय मे 238 परीक्षार्थी उपस्थित हुये वहीं 162 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये ईतवारी राम यादव हायर सेकेडरी स्कूल मे 244 परीक्षार्थी उपस्थित थे वहीं 156 अनुपस्थित रहे इसी तरह शासकीय पंचम यादव दीवान कन्या हायर



सेकेण्डरी स्कूल मे 220 परीक्षार्थी उपस्थित थे वहीं 180 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे नगर पालिका कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल मे 195 परीक्षार्थी शामिल हुये वहीं 105 परीक्षा देने नहीं पहुंचे इसी तरह आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मिडियम स्कूल मे 157 परीक्षा उपस्थित थे वहीं 93 अनुपस्थित पाये गये हायर सेकेण्डरी स्कूल रामसागर पारा मे 130 परीक्षार्थी शामिल हुये वहीं 70 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल मे प्रथम पाली की परीक्षा मे 141 परीक्षार्थी शामिल हुये वहीं 109 परीक्षा देने नहीं पहुंचे। उपरोक्त परीक्षा को लेकर आज प्रातरू से हीं दूर दराज क्षेत्रों से आये युवक युवती बडी संख्या मे परीक्षा केन्द्र तलाशने इधर उधर भटकते रहे क्योकि प्रशासन की ओर से ऐसी कोई व्यवस्था परीक्षा केन्द्र के लोकेशन बताने के लिये निर्धारित व व्यवस्थित नहीं की गई थी फ लस्वरूप बडी तादाद मे परीक्षार्थी भटकते रहे व होटल पान दुकान एवं चौक चौराहे पर रूककर परीक्षा केन्द्र का पता पूछते रहे।

## कबीर प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर के हथनीपारा स्थित कबीर ज्ञान मंदिर मे कबीर प्राकटय उत्सव मनाया गया जिसमे गुरू महिमा पाठ पूनो पाठ के बाद सोनार देवरी आश्रम से आई हुई साध्वी चन्द्रकला देवी का प्रवचन इस दौरान दूर दराज अंचल से आये हुये विभिन्न ग्रंथ मंडलियों के द्वारा भजन कीर्तन किया गया। आयोजन के दूसरे दिन शोभायात्रा निकाली गई जिसमे क्षेत्रिय विधायक इन्द्र साव विशेष रूप से शामिल हुये। इस दौरान उन्होने सदगुरू कबीर के बताये हुये मार्ग पर चलने का आव्हान करते हुये लोगों से कहा कि संत कबीर के विचार आज भी




प्रासंगिक है उनके उपदेशो को हमे आत्मसात करते हुये समाज व क्षेत्र मे व्याप्त बुराईयो एवं कुरीतियों को दूर करने की दिशा मे प्रयास करना चाहिये। कार्यक्रम मे सात्विक यज्ञ चौका आरती महंत चौतूदास ग्राम टोहड़ा वाले द्वारा कराया गया। उक्त अवसर पर सुकृत साहू, अजय साहू, मुकेश साहू, तिलमराम साहू, राजेश साहू, पीलाराम साहू, कुलेश्वर साहू, संतोष साहू, कामेश्वर साहू, अशोक साहू, महेन्द्र साहू, सुरेश साहू, हेमंत साहू, पार्वती साहू, द्रोपती साहू व नीरा साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाटापारा क्षेत्र में समय पर किसानों को खाद व बीज नहीं मिल रहा है



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** क्षेत्र मे पहली बारिश के बाद से छोटे बडे मध्यम श्रेणी के तमाम किसान कृषि कार्य मे जुट गये है वहीं शुक्रवार की वर्षा के बाद अब तक वर्षा न होने से शहर व क्षेत्र के मौसम ने फि र से बढते भीषण गर्मी ने लोगों की हालत खराब करके रख दी है। हालांकि अभी मानसून की बारिश की सक्रियता पूरी तरह बाकी है इस बीच क्षेत्र की अधिकांश खेतों की बोआई का कार्य लगभग पूर्णता की ओर पहुंच रहा है ज्यादातर किसानो ने खरीफ फ सल की धान बोआई किया है वहीं अपवाद स्वरूप क्षेत्र मे इक्का दुक्का किसान हीं है जिन्होने अपने भर्री भांठा मे रागी, कोदो, कुटकी, मक्का बोआई किया है वहीं बडे श्रेणी के किसान अपने खेतो व कृषि फार्म मे थरहा रोपाई के लिये तैयारी कर रहे है जिन खेतो व कृषि फार्म मे बोर व ट्यूबवेल की सुविधा है वहां थरहा रोपाई की तैयारी मे किसान व्यस्त है वहीं कई लोग अभी भी भरपूर वर्षा की आस मे प्रतीक्षा कर आसमान की ओर टकटकी लगाये निहार रहे है इस बीच क्षेत्र मे अनेक किसानो को पर्याप्त खाद व बीज सरकारी स्तर पर नहीं मिल पा रहा है फ लस्वरूप किसान खुले बाजार मे महंगे दामो पर रासायनिक खाद व बीज लेने मजबूर है अनेक किसान जो कुछ वर्ष तक जैविक खेती की ओर बढकर वर्मी कम्पोस्ट खाद व सुपर कंपोस्ट खाद प्रयोग कर रहे थे उन्हे अब उक्त खाद मिल ही नहीं रहा है फलस्वरूप रासायनिक खाद की बाजार मे भारी मांग निकलने से शहर के दो दर्जन से अधिक खाद विक्रेताओं के दुकानो मे ग्राहको का मेला लगा हुआ है इस बीच अनेक किसानो ने बताया है कि उन्हे विभिन्न सोसायटियो मे समय पर खाद बीज नहीं मिलने से खुले बाजार से उन्हे महंगे दामो मे खाद बीज लेना पड़ा है। कुल मिलाकर समय पर खाद बीज की उपलब्धता नहीं होने से किसान परेशान हो रहे है।

## नये शिक्षा सत्र में कमजोर उपस्थिति के साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नये शिक्षा सत्र के प्रारंभ मे शहर व ग्रामीण क्षेत्र के तमाम शासकीय व निजी स्कूल मे प्रथम दिवस शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया हालांकि प्रथम दिन के हिसाब से तमाम स्कूलों मे उपस्थिति कमजोर रहीं लेकिन उत्साह बरकरार रहा। शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम अमलीडीह मे तहसीलदार चित्रलेखा चन्द्रवंशी की उपस्थिति मे शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया इस दौरान स्कूल मे आये छात्र-छात्राओं का अभिनंदन करते हुये उन्हे निरूशुल्क



पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। उक्त मौके पर बीआरसी लेखराम साहू, बीएल मिरी, राजेश साहू, संजय वर्मा, पीयूष रामपुरिक सहित अन्य लोगों के साथ ग्रामीण बडी संख्या मे उपस्थित थे। इसी प्रकार शहर के अनेक स्कूलो मे भी उत्साह के साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया इस दौरान प्रायः सभी स्कूलो मे छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुये उनके मुंह मीठा कराया गया व अनेक स्कूलो मे पाठय पुस्तक सामाग्री व गणवेश वितरित किया गया।

हाथरस हादसा

# अनियंत्रित भीड़ के खतरे... और त्रासदी के बाद फिर उठा जवाबदेही का सवाल




कुछ वर्ष पहले मैं खुद श्रद्धालुओं की भीड़ में फंस गई थी। बृहस्पतिवार की उस गर्म दोपहर में हम सभी लोग शिरडी में साईं बाबा के दर्शन के लिए जा रहे थे। एक समय ऐसा आया, जब श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी बढ़ गई कि मैं बेचैन हो उठी और मुझे लगा कि मैं वापस बाहर निकल जाऊं। लेकिन निकलने का कोई रास्ता नहीं दिख रहा था। मैं लोगों की भीड़ में फंसी हुई थी और अगर जरा भी चूक होती, तो कुचले जाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था।

**हाथरस हादसे ने एक बार फिर साबित किया है कि उत्साह और भीड़ का मेल अच्छा नहीं होता। जब अनुमान से इतने ज्यादा लोग हों, तो व्यवस्थाएं अपर्याप्त हो ही जाती हैं। आयोजकों को जवाबदेह बनाने के साथ लोगों को भीड़-भाड़ में सुरक्षित व्यवहार के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए, ताकि ऐसी दुर्घटनाएं फिर न हों।**

मैं वहां से किसी भी तरह स्वस्थ और सुरक्षित वापस निकलने के लिए प्रार्थना कर रही थी। मैं असहाय महसूस कर रही थी। सौभाग्य से निर्विघ्न दर्शन संपन्न हो गए। लेकिन उस दोपहर की यादें अब भी मेरे जेहन में हैं। और हर बार जब भी कहीं भीड़ के कुचलने की घटना होती है, तो वह घटना फिर से सामने आ जाती है। ऐसी घटनाएं हमारे देश में आम हैं, लेकिन ऐसा बहुत कम मौकों पर होता है, खासकर धार्मिक समारोहों के दौरान। ऐसी त्रासद घटनाएं केवल भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया के अन्य हिस्सों में भी होती हैं। वर्ष 2015 में पवित्र हज यात्रा के दौरान 2,000 से ज्यादा श्रद्धालु भीड़ में कुचलकर मर गए थे। अभी हाथरस में एक स्थानीय धर्म गुरु के सत्संग से बाहर निकलते समय 120 से ज्यादा लोग भीड़ में कुचलकर मर गए। हालांकि भारत में भीड़ में कुचलने का इतिहास काफी पुराना है। स्वतंत्र भारत में ऐसी पहली घटना फरवरी, 1954 में कुंभ मेला के दौरान हुई थी, जिसमें आज भी लाखों श्रद्धालु आते हैं। अनुमानों के मुताबिक, उस त्रासद घटना में करीब 800 तीर्थयात्रियों ने अपनी जानें गंवाई थीं। उस समय द गार्जियन में छपी रिपोर्ट में सैकड़ों लोगों के लापता होने की बात कही गई थी। भीड़ द्वारा कुचले जाने की दुखद कहानी दशकों से जारी है। दक्षिण भारत के सबरीमाला से लेकर नागपुर, मध्य प्रदेश और पटना तक, इन घटनाओं ने श्रद्धालुओं को झकझोर कर रख दिया है। यह बात साबित हो चुकी है कि उत्साह और भीड़ का मेल अच्छा नहीं होता, फिर भी हमारे जैसे धार्मिक देश में इनका मेल अपरिहार्य रूप से होता ही है। हालांकि कुंभ जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों का प्रबंधन अच्छी तरह से किया गया है, खासकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में पिछले कुंभ का। लेकिन, छोटे धार्मिक आयोजनों एवं सत्संगों में यह नहीं दिखता। हालांकि, ऐसे ज्यादातर आयोजन तमाम अव्यवस्थाओं के बावजूद सुरक्षित ढंग से निपट जाते हैं, लेकिन हाथरस जैसी विनाशकारी घटनाएं हमें एक बार फिर अनियंत्रित भीड़ के पीछे छिपे खतरे के बारे में चेताती हैं। हालांकि किसी की भक्ति एवं आस्था को नकारा नहीं जा सकता और यह लोगों का अधिकार है। ऐसे सामूहिक आयोजन मानवीय पीड़ा के लिए सांत्वना और सामुदायिक भावना प्रदान करते हैं। ऐसे आयोजनों में जाने वाले लोग आम तौर पर समाज के गरीब तबके के होते हैं और जब लोग इन पर टिप्पणी करते हैं, तो उनमें अभिजात वर्गीय भावना ही दिखती है। देश में अक्सर होने वाली इन घटनाओं के प्रबंधन के लिए तत्काल एक व्यापक नीति की आवश्यकता है। हालांकि ऐसे आयोजनों से पहले प्रशासन से मंजूरी लेने का प्रावधान है, लेकिन इन सभाओं में आने वाले लोगों की संख्या हमेशा गलत होती है। अक्सर इनमें उपस्थित होने वाले लोगों की संख्या अनुमान से ज्यादा होती है, जिससे सभी व्यवस्थाएं अपर्याप्त हो जाती हैं। आखिर जब अप्रत्याशित ढंग से भीड़ इकट्ठी होकर अनियंत्रित ढंग से व्यवहार करने लगे, तो कितनी भी व्यवस्था कम ही पड़ेगी। ऐसे में यह जरूरी है कि इन सत्संगों के आयोजक को भीड़ के लिए जिम्मेदार ठहराया जाए। अधिकारियों को भीड़ को सीमित करना चाहिए, हालांकि इससे भावनात्मक समस्या पैदा हो सकती है और स्थिति नियंत्रण से बाहर जा सकती है। लेकिन सुरक्षा के हित में लोगों को वापस भेजा जाना चाहिए और जरूरत होने पर आयोजकों को भी दंडित करना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि जब आयोजक भक्तों को बुलाएंगे, तो उनकी ज्यादा बड़ी जवाबदेही होगी। इसके अलावा, पुलिस की मौजूदगी के बावजूद यह महत्वपूर्ण है कि धर्म गुरु, जो निश्चित रूप से संपन्न होते हैं, सुरक्षा बढ़ाने, किसी अप्रिय घटना की स्थिति में आपात एवं प्रारंभिक चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था करने के लिए निजी भीड़ प्रबंधन पेशेवरों की व्यवस्था करें।

साभार... अमर उजाला - अद्वैता काला

# अगर हिंदू हिंसक होता..

**विश्व के सब से बड़े लोकतान्त्रिक देश की संसद से, हिन्दू बहुल राष्ट्र में हिन्दुओं के ही खिलाफ बड़े अपमान जनक संदेश निकले! 'जो लोग अपने को हिन्दू कहते हैं, जो हिंसा हिंसा हिंसा की बात करते हैं, नफरत नफरत नफरत, असत्य असत्य... ' हिन्दुओं के खिलाफ, संसद में विपक्ष के बयान के खिलाफ शब्द नहीं है...! सदियों से अपनी सनातन परंपरा को संजोए हिन्दुओं ने ही वसुधैव कुदुम्बकम का उदघोष करते हुए समूची दुनिया को मानवता का संदेश दिया। सहिष्णुता, उदारता, उपकार करने में हिन्दुओं की कोई बराबरी नहीं। हिन्दुओं ने मानव कल्याण को सर्वोपरि रखा जिसके लिए समूचा विश्व भारत को शांतिदूत कहता है। हिन्दू जितना सहिष्णु है. उसकी मिसाल दी जा सकती है।**

अगर हिन्दू हिंसक होता तो मुगल, डच और अंग्रेजों से पददलित नहीं होता ।

अगर हिन्दू हिंसक होता तो आजादी के साथ उसकी भारत माता के तीन टुकड़े नहीं होते। अगर हिंदू भी हिंसक होता तो गांधी की हत्या के बाद देश भर में ब्राह्मणों का कत्लेआम नहीं होता। अगर हिन्दू हिंसक होते तो सरकार उनके मंदिरों पर कब्जा नहीं कर सकती, उन्हें अपने धर्म की शिक्षा देने से कोई रोक नहीं सकता था।

अगर हिंदू हिंसक होते तो हिंदुओं के खिलाफ इतिहास की पुस्तक स्कूलों में पढ़ाई नहीं जाती। अगर हिन्दू हिंसक होते तो बालीवुड उनके खिलाक फिल्में नहीं बना सकता।

अगर हिंदू हिंसक होता तो 1984 में सिखों का कत्लेआम नहीं होता! अगर हिंदू हिंसक होता तो 1990 में कश्मीरी पंडितों का नरसंहार नहीं होता। अगर हिन्दू हिंसक होता तो आज अखंड भारत का भूभाग उसके पास होता। समूचे भारत में आज वंदे मातरम् का जयघोष होता। विडम्बना ही है कि स्वतंत्र भारत में हिन्दू खुद प्रताड़ित होने को अभिशप्त हो गये ! हिन्दुओं के मंदिरों को सरकार ने अपनी जागीर मान लिया। हिन्दू अपने धर्मग्रंथों की शिक्षा देने से वंचित रह गये । देश की सरकार ने कानून बनाकर हिन्दुओं के अधिकारों को छीन लिया। हिन्दुओं के खिलाफ हिन्दू बहुल देश में एक लंबे समय से षडयंत्र चला आ रहा है। एक सोची समझी रणनीति के तहत हिन्दुओं को कलंकित करने की चालें चली जा रही है।

भगवा आतंकवाद का नारा गढ़कर, हिन्दू को हिंसक करार देने के लिए देश के गद्दार हमला करवाने में पीछे नहीं रहे । 2008 मुंबई में 26/11 का हमला सुनियोजित षड्यंत्र था। पाकिस्तानी आतंकी खुलेआम बैखौफ होकर अंधाधुंध गोलीबारी करते आतंक मचाते रहे। जिनके हाथों में हिन्दू पहचान का कलावा बंधा था। अगर आतंकी कसाब नहीं पकड़ा जाता तो तब सरकार उन्हें हिन्दू आतंकवादियो का हमला कह बैठती। सरकार में बैठे जिम्मेदार लोगों ने भगवा आतंकवाद कहकर हिन्दुओं को अपमानित करना था। मगर वह नहीं हो सका। आज हिन्दू अपने ही देश में प्रताड़ित है।क्योंकि वह सहिष्णु है, इसलिए सब कुछ सुन रहा है... सह रहा है..,,,! अब भारत में नवजागरण की शुरुआत हो चुकी है। एक हिन्दू बहुल राष्ट्र पूरे विश्व को सनातन का संदेश दे रहा है। भारत के साथ विश्व एकजुट हो रहा है। ऐसे समय देश की संसद में विपक्ष का बयान सोचने को विवश करता है? हिन्दू हिंसक होता तो संसद क्या सड़क पर भी उसे हिंसक कहने का साहस कोई नहीं कर पाता।

अतिथि संपादक

-रविंद्र गिन्नौरे

# पलायन पर गये श्रमिकों के घर वापसी के सिलसिले में ट्रेन व बस खचाखच भीड़ से दौड़ रही हैं

## लोकल तिपहिया वाहन भी हाउस फुल चल रहे हैं

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** बारिश लगते हीं भाटापारा क्षेत्र मे दूसरे राज्यो की ओर काम की तलाश मे बाहर गये श्रमिक व ग्रामीण भारी संख्या मे अपने अपने क्षेत्र व घरो की ओर लौटने लगे है जिसके कारण भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे भारी भींड का माहौल बना हुआ है खासकर हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस, छत्तीसगढ एक्सप्रेस, उधमपुर एक्सप्रेस, जम्मूतवी एक्सप्रेस, नवतनवा एक्सप्रेस, कानपुर एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस, गोरखपुर एक्सप्रेस, तिरूपति एक्सप्रेस, बरौनी एक्सप्रेस, अमरकंटक एक्सप्रेस, शालीमार एक्सप्रेस, ईतवारी टाटा एक्सप्रेस, यशवंतपुर एक्सप्रेस, शिवनाथ एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनो मे ग्रामीणों के वापस क्षेत्र व गांव की ओर लौटने का सिलसिला निरंतर जारी रहने से ट्रेनो मे भारी भीड़ के चलते पैर धरने की जगह नहीं है यह विदित रहे कि खरीफ फ सल का उत्पादन समेटने के बाद भाटापारा सहित पलारी, कसडोल, बिलाईगढ, नवागढ, पामगढ, सारंगढ, मुंगेली, बेमेतरा, बिल्हा ब्लाक के सैकड़ो गांव के लोग काम की तलाश मे महानगरो की ओर पलायन पर चले गये थे जिसमे अहमदाबाद, सूरत, भुज, जम्मू, सिकंदराबाद, हैदराबाद, गोरखपुर, कानपुर, नागपुर, कन्हान, यशवंतपुर, दिल्ली, मुंबई, सोनीपत, पानीपत, हिसार, पुणे, टाटा नगर, जमशेदपुर, जबलपुर, इंदौर, भेपाल, विशाखापटनम सहित देश के अन्य महानगरो की ओर काम की तलाश मे गये श्रमिक बारिश लगते हीं अब अपने घरों की ओर लौट रहे है जिसके कारण यात्री ट्रेनो के साथ साथ भाटापारा से विभिन्न सड़क मार्ग पर चलने वाली तमाम यात्री बसों मे भारी भींड का माहौल देखने को मिल रहा है खासकर भाटापारा पथरिया, भाटापारा मुंगेली, भाटापारा नवागढ, भाटापारा बेमेतरा, भाटापारा करहीबाजार, भाटापारा सहेुला, भाटापारा बलौदाबाजार, भाटापारा बिलासपुर मार्ग की तमाम बसो मे भारी भींड का माहौल चल रहा है जिससे बस संचालको के चेहरो पर खुशियां लौट आई है वहीं स्टेशन के बाहर लगभग दो सौ से अधिक की तादाद मे चल रहे आटो रिक्शा, ई रिक्शा वाले भी भारी संख्या मे सवारी ढो रहे है जिससे उनका भी रोजी रोजगार भरपूर चल रहा है कई श्रमिक जत्थे मे स्पेशल चौपहिया बुक कर अपने सामानो की गठरी मोटरी लादकर स्पेशल बुकिंग से गांव तक जा रहे है कुल मिलाकर बारिश के आते हीं पलायन पर गये तमाम श्रमिक अपने घर की ओर अब लौट रहे है।

# बाजार में लोकल आवक घटने से सब्जियों के भाव आसमान छू रहे हैं

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** पहली बारिश के बाद से स्थानीय सब्जी बाजार मे हरी सब्जियो की आवक लोकल बाड़ी के गांव दुधिया नवागांव, कुलीपोटा, दौरेंगा, चौरेंगा, डोंगरिया, ढाबाडीह, तरेंगा, भंवरगढ, बोडतरा, मजगांव, गांडाडीह, खोखली, सेमरिया व टेंहका सहित आस पास के अनेक सब्जी उत्पादक गांव से हरी सब्जियो की आवक कमजोर हो जाने से बाजार मे तमाम प्रकार के हरी सब्जियो के भाव मे उछाल आ गया है वहीं दूसरे राज्यों से सड़क परिवहन के मार्फ त पहुंचने वाली सब्जियो को आस पास के औद्योगिक बेल्ट मे अच्छा रेट मिलने से थोक विक्रेता छोटे छोटे वाहनो मे हरी सब्जियो को भरकर अल्ट्राटेक सीमेंट हिरमी, ग्रासिम सीमेंट रावन झीपन सहित सेम्हराडीह, पडकीडीह, खपराडीह, सुहेला, हथबंद, सरगांव, बैतलपुर, मारो, चक्रवाय, कुंरा, संबलपुर, बिल्हा, चकरभांठा, नांदघाट, अर्जुनी, निपनिया, दगोरी, करहीबाजार, रसेडी, रसेडा, डमरू, अमेरा, लाहोद, लवन, रोहांसी, भैंसा संडी, मोपका, जरवाय, जर्वे, जारा सहित अन्य स्थानो मे उंचे भाव पर भेज रहे है जिससे स्थानीय सब्जी बाजार मे ग्राहको को महंगे दर पर सब्जी खरीदने विवश होना पड़ रहा है बाजार मे बैगन, लौकी, पालक लाल भाजी, चौलाई, कदद्, कटहल, भिंडी, गोभी, तरोई, गंवार फ ल्ली, मिर्ची धनिया, शिमला मिर्ची, टिंडा, ढेंश, परवल, बरबटटी व मुली सहित अन्य हरी सब्जियों के बढते भाव ने बारिश मे भी लोगों के पसीने छुड़ा दिये है लोग हलाकान है कि क्या खायें क्या न खायें क्या खरीदें क्या न खरीदें इसी उधेड़ बूंद मे सब्जी बाजार मे लोगों की जेबे खाली हो रहीं है लेकिन थैला भरा नहीं जा रहा है कुल मिलाकर लोग महंगाई की मार से सिहर गये है। खासकर हरी सब्जियो के बढते भाव ने लोगों के घरो के रसोई के बजट को पूरी तरह बिगाड कर रख दिया है।

**लोगों के घरों का रसोई बजट बिगड़ा**

# भाटापारा बाजार में फिर हलचल कुछ दिनों के लिये शुभ मुर्हूत में मांगलिक कार्य करने लोग तैयारी में जुटे

## 60 दिन बाद बन रहा है योग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** आगामी 29 जून दिन शनिवार को शुक्र ग्रह के उदय होने के साथ हीं तमाम मांगलिक कार्य कुछ दिनो के लिये फि र से प्रारंभ हो जायेंगे जिसमे जुलाई महीने मे विवाह के लिये सात जुलाई, नौ जुलाई, ग्याहर जुलाई, बारह जुलाई, तेरह एवं पंद्रह जुलाई को विवाह के शुभ मुर्हूत है इस प्रकार लगभग दो महीने पश्चात एक बार फि र वैवाहिक कार्यक्रम शहर व क्षेत्र मे प्रारंभ हो जायेंगे। इसको लेकर बरसात के बावजूद शहर के बाजार मे चहल पहल का वातावरण बन गया है व लोग सीमित मुर्हूत मे भी मांगलिक कार्य को संपन्न कराने पूरी तन्मयता से जुट गये है फ लस्वरूप नगर के तमाम व्यवसायिक प्रतिष्ठान, सराफ ा बाजार, कपड़ा बाजार, इंटरप्राईजेस, मनिहारी जनरल स्टोर के अलावा किराना बाजार तथा मांगलिक भवन विभिन्न होटल व डीजे साउंड सिस्टम, धुमाल एवं बैंड बाजा के अलावा केटरिंग कारोबारी व टेंट हाउस शामियाना व फू ल साज सज्जा मंडप साज सज्जा करने वाले एवं चौपहिया वाहन तथा बसों की बुकिंग कर ली गई है जिसको लेकर बाजार मे चहल पहल का वातावरण बना हुआ है वहीं वैवाहिक समारोह के अलावा सगाई, गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार, नवगृह प्रवेश सहित अन्य मांगलिक कार्य भी कुछ दिनो के भीतर कराने लोग सक्रिय हो गये है क्योकि इसके पश्चात आषाढ माह के शुक्ल पक्ष के देवशयनी एकादशी के भगवान विष्णु चार माह के लिये शयनकाल मे विश्राम के लिये चले जायेंगे जिसकी वजह से तमाम वैवाहिक कार्यक्रम सगाई, गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार, जनेउ संस्कार एवं अन्य प्रकार के मांगलिक कार्य नहीं हो पायेंगे। इस दौरान चार माह की अवधि मे केवल सत्संग, प्रवचन, भजन कीर्तन व पूजा के कार्य होते रहेंगे।

# खेत बोआई के बाद ट्रेक्टर व केज के गीले मलबे से लोग हलाकान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** इन दिनो क्षेत्र के किसान कृषि कार्य मे पूरी तन्मयता से जुटे हुये है बोआई कार्य अधिकांशतरू टेकृक्टर के पहिये एवं उसके पीछे लगे केज के द्वारा किये जा रहे है क्षेत्र मे गिने चुने ऐसे किसान है जो बैल जोडी के साथ नांगर जोतकर बोआई कार्य कर रहे है। ट्रेक्टर व केज लगे वाहन से खेत की बोआई के बाद ग्रामीण क्षेत्र की अधिकांश सड़को पर गीली मिटटी का मलबा फ ैलने से सड़क पर चलने वालो को जहां दिक्कतो का सामना



करना पड़ रहा है वहीं अनेक लोग सड़क पर फै लाये गये ट्रेक्टर की केज मिटटी से दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है प्रशासन को इस दिशा मे सचेत होकर यह अभियान चलाना चाहिये कि जो भी किसान या टेकृक्टर मालिक किसी भी खेत की बोआई करने जाये उसके बाद खेत के आस पास हीं ट्रेक्टर के पहिये व उसके पीछे लगे केज को पूरी तरह सा फ करके हीं सड़क की ओर प्रस्थान करें ताकि सड़क यातायात सुचारू रूप से चल सके व सड़को पर मिटटी का मलबा कीचड़ व अन्य यातायात बाधित करने वाले सामाग्री न फै ल सके वर्तमान मे भाटापारा से टेंहका गांव एवं भाटापारा से दतरेंगा, दतरेंगी, सूरजपुरा, सिंगारपुर तक तथा भाटापारा से सुरखी, कोसमंदा, मोपका मार्ग पर मुख्य सड़क मे चलने वाले हलाकान है क्योकि ज्यादातर ट्रेक्टर व केज के गीले मलबे जो खेत जोताई के बाद सीधे सड़क पर फै ल रहे है उससे आने जाने वाले तमाम लोग हलाकान है रात्रि मे तो अनेक दुपहिया वाहन चालक इन मलबो मे गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है जिस पर ठोस कार्यवाही करने प्रशासन सार्थक पहल करें।

# सफाई व्यवस्था की हालत खराब जगह जगह गंदगी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी व पुरानी भाटापारा नगर पालिका की सफ ाई व्यवस्था का बुरा हाल है चारो तरफ अव्यवस्था व गंदगी का माहौल है जारी देश के सबसे गंदे शहर की सूची मे भाटापारा शहर का नाम आठवें नंबर पर पहुंच गया है जो शमर्नाक बात है। पालिका मे भारी भरकम सुविधा व स्टाफ होने के बावजूद शहर की सफाई व्यवस्था बद से बदतर स्थिति मे पहुंच गई है केवल कुछ नालियों की हीं सफाई हो रहीं है शेष स्थानो पर तो कचरो का पहाड़ जमा हो रहा है। रेल्वे ओव्हर ब्रिज के दोनो छोर पर स्थित सर्विस रोड मे कचरा व गंदगी का अंबार लगा है इसी प्रकार हटरी बाजार पुराना अंडरब्रिज के पास लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र मे गंदगी व बदबू का ऐसा माहौल है कि वहां जाने वाले सौ बार पालिका प्रशासन को कोसते है इसी प्रकार हटरी बाजार अंडरब्रिज व टेंहका फाटक अंडरब्रिज मे गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है नगर के प्रमुख चौक चौराहे कूडे करकट कचरा के ढेर से लबालब भरा पड़ा है और तो और कल्याण सागर का ऐतिहासिक तालाब भी गंदगी की मार से जूझ रहा है। संपूर्ण तालाब मे जलकुंभी व नाला की बदबू मारती जल से लोग परेशान हो गये है जहां भी हो घनघोर अव्यवस्था के कारण संपूर्ण कचरा सड़क तक फैलने लगा है जिसके कारण बदबू व गंदगी से लोग हलाकान है। जबकि वर्षा ऋतु प्रारंभ हो चुका है और हल्की बारिश से हीं शहर के निचले हिस्सों मे पानी का जल भराव हो जाता है क्योकि नाली की साफ सफाई पर्याप्त नहीं होने के कारण जगह जगह नाली मे दो दो फ ुट गहरा कचरा भरा हुआ है जिसके चलते वर्षा ऋतु एवं अत्याधिक पानी के निकलने वाली जगह जाम स्थिति मे है और जिसके कारण पानी का बहाव नहीं हो पाता और जगह जगह जाम की स्थिति बनी रहती है।



## संक्षिप्त समाचार

# इन्द्र साव ने सिमगा हास्पिटल में सुविधा बढ़ाने के लिये दिये निर्देश

**भाटापारा।** क्षेत्रिय विधायक इंद्र साव ने गत दिनो विधानसभा क्षेत्र के सिमगा ब्लाक मे स्थित शासकीय हास्पिटल जीवनदीप समिति की बैठक ली इस बैठक मे उपस्थित लोगों की ओर से मिले सुझाव व शिकायत पर उन्होने समीक्षा करते हुये कहा कि सिमगा चूंकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है इसलिये यहां पर आये दिन सड़क दुर्घटनायें होती रहती है जिसमे गंभीर रूप से घायल लोगों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता उसको देखते हुये यहां पर ट्रामा सेंटर का निर्माण व सुविधा उपलब्ध कराना जरूरी है। उक्त बैठक मे मेडिसिन चिकित्सक, स्त्री रोग विशेषज्ञ, आर्थो चिकित्सक, निश्चेतना रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति के संबंध मे विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर समस्या का निदान करने की बात कहीं। इंद्र साव ने हास्पिटल परिसर का निरीक्षण करते हुये साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने तथा हास्पिटल मे वाटर कूलर एवं एसी व्यवस्था को सुदृढ करने के लिये निर्देश दिये। उक्त अवसर पर शैली भांटिया, हिरेन्द्र कोशले, दशरथ चन्द्राकर, संतोष तिवारी, हेतराम कुर्रे, सोनल केशरवानी, सुनील तिवारी, प्रकाश यदू, परस देवांगन, युद्धिष्ठिर दीवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# किसानों को नहीं मिल पा रहा है प्रमाणित बीज, उपलब्ध बीज तीन गुना महंगा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** खरीफ फसल के लिये किसानो ने खेत तैयार कर दिया है कई किसानो ने बोआई भी प्रारंभ कर दी है और कई किसान प्रमाणित बीज के लिये भटक रहे है जो बाजार मे उपलब्ध है वह मुल्य से तीन गुना अधिक है और काफ ी कम मात्रा मे बाजार मे उपलब्ध है। हर वर्ष प्रमाणित बीज के लिये किसानो को काफी तकलीफ का सामना करना पडता है और इसी के साथ हीं किसान हल्के बीजों से काम चलाता है शासन हर वर्ष किसानो के हित के लिये तमाम वादे करता है लेकिन उन वादों के साथ हीं किसान के लिये कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं हो पाता है नई तकनीक और नई सोंच के साथ किसान प्रमाणित बीज के लिये अपनी लालसा दिखाता है



लेकिन प्रमाणित बीज उसे नहीं मिल पाता है पुराने समय मे पुराने बीजों से हीं काम चला लिया जाता था लेकिन आजकल के किसान प्रमाणित बीज को ज्यादा प्राथमिकता देते है क्योकि जागरूकता बढने के साथ लोगों को प्रमाणित बीज ज्यादा बेहतर लगता है ज्यादातर किसान सरना और महामाया किस्म की धान की बुआई करते है और यहीं दोनो बीज बाजार या कृषि विभाग मे समुचित मात्रा मे उपलब्ध नहीं हो पाता है जितनी मात्रा मे किसानो धान का बीज चाहिये होता है उस मात्रा मे धान का बीज किसानो को उपलब्ध नहीं हो पाता है जिसके कारण किसानो को सामान्य बीज के साथ किसानी कार्य को पूर्ण करना पड़ता है किसानो ने शासन से पर्याप्त मात्रा मे सरना धान व महामाया धान के प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने की मांग की है।

# 1 जुलाई से तीन नये अपराधिक कानून लागू




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** देश में पुराने तीन अपराधिक कानून 01 जुलाई से बदल जाएंगे, उनकी जगह नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएंगे। अब नए कानून के तहत ही प्रकरण दर्ज होंगे। भारत के नए कानून, विशेष रूप से भारतीय न्याय संहिता का उद्देश्य न्याय प्रणाली को और अधिक आधुनिक और प्रगतिशील बनाना है। पुराने कानून भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता, और इंडियन एविडेंस एक्ट को प्रतिस्थापित कर 03 नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लाए गए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी और पारदर्शिता लाना है, जिससे हर नागरिक को त्वरित और निष्पक्ष न्याय मिल सके। नए कानूनों का मुख्य उद्देश्य हर नागरिक को त्वरित और निष्पक्ष न्याय दिलाना है। भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के अनुसार यह सुनिश्चित किया गया है, कि न्यायिक प्रक्रियाएं अधिक प्रभावी और पारदर्शी हो। नये कानून के तहत त्वरित कार्यवाही से न केवल पीड़ित को समय पर न्याय मिलेगा, बल्कि समाज में यह संदेश भी जाएगा कि कानून और न्याय प्रणाली उनकी सुरक्षा और अधिकारों के लिए हमेशा तत्पर है। पुलिस न्याय की दिशा में हर संभव कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह नया कानून भारतीय समाज को एक न्यायपूर्ण, समान और सुरक्षित समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, तत्संबंध में भी पूरी तैयारी कर ली गई है। जिसके तहत सोमवार को थाना एवं पुलिस सहायता केंद्र में न्यायिक अधिकारी, पुलिस स्टाफ, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों की उपस्थिति में पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण, एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, पुलिस अधिकारियों द्वारा नए कानून के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। नए कानूनों का उद्देश्य आधुनिक न्याय व्यवस्था को लागू करना है। भारतीय दंड संहिता में पूर्व में कुल 511 धाराएं थी लेकिन भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं सम्मिलित की गई है। अपराधिक कानून में बदलाव के साथ ही इसमें शामिल धाराओं का क्रम भी बदला गया है। शुन्य में एफआईआर, ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने, एसएमएस या ई-मेल के माध्यम से सम्मन भेजना और जघन्य अपराध की वीडियोग्राफी फोटोग्राफी करने जैसे प्रावधान नए कानून में अनिवार्य कर दिए गए हैं। नए कानून का मुख्य उद्देश्य अब आमजनों को त्वरित न्याय सुनिश्चित करवाना है।

# लोकसभा में विपक्ष का गैर जिम्मेदाराना रवैया: बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर।** 18वीं लोकसभा के प्रथम सत्र की समाप्ति के बाद रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल बुधवार को वापस रायपुर पहुंचे। स्वामी विवेकानंद विमानतल पर पत्रकारों से बात करते हुए श्री अग्रवाल ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि, सदन में विपक्ष और उसके नेता राहुल गांधी का जैसा व्यवहार है जिस प्रकार की भाषा का वह उपयोग कर रहे हैं वह अशोभनीय है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर माननीय प्रधानमंत्री के धन्यवाद प्रस्ताव को भी वह सुनने को तैयार नहीं थे पूरे समय हंगामा करते रहे। विपक्ष अगर देश में लोकतंत्र और संसदीय परंपराओं की रक्षा करना चाहता है। अगर भारत को विकसित भारत बनाना है तो हम सभी को देशहित में मिलकर चलना पड़ेगा। विपक्ष का कार्य केवल सरकार का विरोध करना नहीं है, बल्कि अच्छे कार्यों में देश के हितों में सरकार का समर्थन भी करना होना चाहिए और विकसित भारत बनाने में सहयोग करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि, चाहे लोकसभा हो या राज्यसभा दोनों सदनों में ही कांग्रेस को देखकर ऐसा लगता है कि श्री नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना और कांग्रेस की पराजय उनको पच नहीं रही है। वह जबरदस्ती का विरोध करके देश के विकास की गति को अवरुद्ध करना चाहती हैं।

**हिंदुओं को हिंसक कहने पर देशभर में राहुल गांधी के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन पर बोले बृजमोहन अग्रवाल**

**राहुल गांधी और कांग्रेस ने हिंदुओं के खिलाफ आग उगलना बंद नहीं किया तो देश की जनता इन्हे नकार देगी: बृजमोहन अग्रवाल**

लोकसभा में हिंदुओं को हिंसक कहने पर देशभर में राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि हिंदू कोई धर्म नहीं है बल्कि एक विचारधारा है यह संस्कार है और जीवन पद्धति है और ऐसे में राहुल गांधी ने पूरे हिंदुओं को हिंसक और भयभीत करने वाला बताया है। निश्चित रूप से इसका विरोध स्वाभाविक है अगर राहुल गांधी और कांग्रेस सुधरेगी नहीं तो अभी तो देश की जनता ने उन्हें विपक्ष में बैठाया है आने वाले समय में इनको पूरी तरह से नकार दिया जायेगा।।



## संक्षिप्त समाचार

# दुर्ग हटिया स्पेशल ट्रेन को नियमित ट्रेन के रूप मे चलाने की मांग




**भाटापारा।** वर्तमान मे दुर्ग रेल्वे स्टेशन से हटिया रेल्वे स्टेशन के बीच सप्ताह मे दो दिन चलने वाली दुर्ग हटिया स्पेशल ट्रेन को नियमित रूप से चलाने की मांग क्षेत्रिय नागरिकों ने की है। नागरिकों ने कहा है कि वर्तमान मे दुर्ग हटिया स्पेशल ट्रेन से दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा, खरसिया व रायगढ सहित छत्तीसगढ के तमाम रेल यात्रियों को अच्छी सुविधा उक्त ट्रेन से मिल रहा है उसको देखते हुये प्रशासन उक्त स्पेशल ट्रेन को नियमित करते हुये ऐसी व्यवस्था करें कि उपरोक्त ट्रेन नियमित ट्रेन के रूप मे हमेशा चल सके वर्तमान मे यात्रियों के हित मे रेल प्रशासन ने आगामी 27 दिसंबर 2024 तक उक्त ट्रेन का विस्तार किया है जिससे लोगों मे प्रसन्नता व्याप्त है। उक्त ट्रेन से बिहार, झारखंण्ड की ओर जाने वाले तमाम यात्रियो के साथ साथ व्यापारियों को भी अच्छी सुविधा ट्रेन के रूप मे मिल रहीं है जिसे नियमित किये जाने की आवश्यकता है।

# रेल दुर्घटना रोकने सेमीनार संपन्न



**भाटापारा।** रेल दुर्घटनाएं रोकने के लिये रायपुर रेल मंडल में रनिंग स्टाफ रेल कर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए एक कायर्शाला का आयोजन कर उन्हें सुरक्षा संबंधी पहलुओं से अवगत कराया गया। भाटापारा स्टेशन की संयुक्त लॉबी में हुये इस कार्यक्रम में ट्रेन चालकों एवं ट्रेन मैनेजर के परिजन भी शामिल हुये। कायर्शाला में उन्हें बताया गया कि घर में माहौल अच्छा रखें ताकि ट्रेन चालक अच्छी नींद ले सके। मानसिक तनाव में नहीं रहना चाहिये उन्हें रेल दुर्घटनाओं की सामान्य वजह की जानकारी देते हुये इससे बचने के उपाय व बेहतर घरेलू माहौल रखने की जानकारी दी गई। इस दौरान लोको पायलट और सहायक लोको पायलट के परिजनों से सुझाव भी लिए गये। इस कार्यशाला सहायक मंडल विद्युत इंजीनियर, परिचालन भिलाई राजीव कुमार सोनी, मुख्य चालक नियंत्रक सतीश कुमार देवांगन, मुख्य लोको निरीक्षक एस एल सोनी सहित अन्य लोको निरीक्षक, मुख्य स्टेशन प्रबंधक अजय कुमार एवं डी टी आई मुकेश कुमार उपस्थित थे।

# कार्य में लापरवाही बरतने के लिए संविदा चिकित्सा अधिकारी बर्खास्त




**रायपुर।** रायपुर के उरला स्वास्थ्य केंद्र में एक ही दिन में दो नवजात शिशुओं की मौत के मामले में दो डॉक्टरों को अपनी ड्यूटी में लापरवाही बरतने का दोषी पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने आदेश जारी करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील साहू को सेवा से निलंबित कर दिया गया है तथा संविदा चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूनम सरकार को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि स्वास्थ्य व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जगह जगह गंदगी से लोग परेशान, लोगों के घरों तक पहुंच रहे कीडे मकोडे

# शहर कचरों की ढेर पर बैठा संक्रामक रोगों को निमंत्रण दे रहा है

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। प्रदेश की सबसे पुरानी व सबसे बडी भाटापारा नगर पालिका मे प्रशासनिक अव्यवस्था के चलते संपूर्ण शहर इन दिनो कूडा करकट गंदगी व कचरो के ढेर से पट गया है। शहर के प्रमुख चौक चौराहे गलियो मुक्कड एवं महत्वपूर्ण स्थानो पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है।





अनेक स्थानो पर तो विशालकाय कचरो का ढेर इस कदर लग गया है कि आवारा पशु उक्त कचरो के ढेर को सड़क पर फ ैलाकर पालिका प्रशासन की असलियत व ठप्प सफ ाई व्यवस्था को उजागर कर रहे है। शहर के बंद पडे पुराना अंडरब्रिज हटरी बाजार, सदर बाजार, हटरी बाजार पहुंच मार्ग, बस स्टैड इलाका, मंडी क्षेत्र, सुभाष बाजार पेंशनर भवन, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड जल संशोधन संयंत्र के पास, लिंक रोड़, सेंन्ट्रल वेयर हाउस, लोकोत्सव मैदान के पीछे के अलावा खप्पर बाबा, गांधी मंदिर, परशुराम वार्ड, नेहरू वार्ड, संजय वार्ड, मेन हिन्दी स्कूल के बाजू, शंकर वार्ड, महासती वार्ड, गुरूनानक वार्ड, बलभद्र वार्ड व महावीर वार्ड सहित अनेक मोहल्लो व वार्डो मे सफ ाई व्यवस्था चरमरा गई है फ लस्वरूप नाली नाला का पानी व गंदगी सड़कों पर फ ैल रहा है जिससे आवाजाहीं मे लोगों को परेशानियों से जूझना पड रहा है खासकर बरसात के चलते उक्त कचरो के ढेर व गंदगी से उठती असहनीय बदबू से लोग हलाकान है। वहीं अनेक घरों मे गंदगी व बदबू से परेशान लोगों ने जनप्रतिनिधियों व कर्मचारियों तक अनेक बार शिकायत दर्ज करायी है उसके बावजूद साफ सफ ाई व्यवस्था मे कोई सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है हालात दिन ब दिन बिगडते हीं जा रहे है। फ लस्वरूप लोगों के रिहायशी घरो मे भी नालियों के कीडे प्रवेश करने लगे है नालियों की जहां सफ ाई नियमित नहीं हो रहीं है वहीं गंदगी व बदबू से निजात पाने फि नाईल व अन्य कीटाणु नाशक दवाईयों व पाउडर का छिड़काव नहीं होने से क्षेत्र मे बीमारी फ ैलने का खतरा बढ गया है क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिको ने शहर मे विशेष सफ ाई अभियान चलाने की मांग करते हुये नाली नालो एवं गलियों मे ब्लीचिंग पाउडर एवं मक्खी मच्छर निरोधक दवाईयों का छिडकाव प्राथमिकता से करने की मांग उच्चाधिकारियों से की है।

# भाटापारा पृथक जिला निर्माण की बात पर शिवरतन मौन क्यों हैं-सुशील शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रदेश कॉंग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भाटापारा मंडी में आयोजित आम सभा को भाटापारा वासियो के लिये निराशाजनक बताया है। सुशील शर्मा ने जनता जनार्दन को याद दिलाते हुये कहा कि सन 2023 के विधान सभा चुनाव के दौरान लोकोत्सव मैदान में आयोजित भाजपा की चुनावी सभा में असम राज्य के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वा शर्मा की उपस्थिति में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने खुलेआम सार्वजनिक मंच से घोषणा करते हुये कहा था कि छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा शासन के बनते ही भाटापारा स्वतंत्र और पृथक जिला निर्माण हो जायेगा आज प्रदेश में भाजपा का शासन है फिर भाटापारा जिला निर्माण क्यों नहीं किया गया शिवरतन शर्मा को यह बात जनता को बतानी चाहिये कि प्रदेश में सत्तासीन भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री जब भाटापारा में आम सभा को संबोधित करने आये हो और भाजपा के सभी दिग्गज नेता मंच पर उपस्थित हो इसी मंच पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा को अपने पूर्व घोषणा अनुरूप भाटापारा को पृथक स्वतंत्र जिला निर्माण कराने की महत्वपूर्ण जीवंत और जवलन्त माँग को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पूरा कराना था लेकिन उन्होंने दुर्भावनावश क्षैत्र की जीवंत ज्वलंत जयाज माँग को नहीं रखकर पूरे विधानसभा के विकास और प्रगति पर कुठाराघात किया है। कॉंग्रेस के शासनकाल में जब तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जनता जनार्दन से मिलने अपने भेट-मुलाकात कार्यक्रम में ग्राम कड़ार आने वाले थे तब तत्कालीन विधायक शिवरतन शर्मा ने भाटापारा की सड़को पर रैली निकाल कर भाटापारा को जिला बनाने धरना प्रदर्शन किया था विधान सभा में जोर शोर से जिला बनाने प्रस्ताव भी रखे थे आज अपने ही मुखिया के सामने वे मौन क्यों थे जवाब दे। कांग्रेस नेता सुशील शर्मा ने कहा की भाजपा सरकार के एक और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपर कलेक्टर की पद स्थापना, सौ बिस्तर का सर्व सुविधायुक्त अस्पताल निर्माण, इंडोर इस्टेडियम निर्माण करने की घोषणा की थी जिसका आज तक अता-पता भी नहीं है, भाटापारा सहित आसपास के लगभग सात लाख आबादी के लिये भाटापारा अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ महिला डाक्टर का न होना भाजपा की कथनीं और करनी के अंतर को दर्शाता है मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष भाटापारा के सतत विकास के लिये भाटापारा को नगर निगम का दर्जा देने, बाइपास सड़क निर्माण करने, पृथक डिग्री गर्ल्स कॉलेज की स्वीकृति देने, डिग्गी एवं गुर्रा नाला में उच्च स्तरीय पुल निर्माण, सेण्ट्रल लॉयबेरी की स्थापना करने सहित जनता के हित में कोर्ट बिल्डिंग निर्माण कराने, शासकीय शिवलाल मेहता स्कूल बिल्डिंग निर्माण की माँग रखने सहित क्षेत्र विकास की अन्य मांग को रखते हुये मुख्यमंत्री से स्वीकृति कराना था जिसमे शिवरतन शर्मा असफ ल साबित हुये और छोटी छोटी मांग रखकर सड़क निर्माण कराने का श्रेय ले रहे है जबकि यह कार्य कृषि उपज मंडी के फ ंड से किया जा सकता है। सुशील शर्मा ने अंत मे यह कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विकास की सौगात दिलाने मे शिवरतन शर्मा असफ ल रहे है।

# यातायात नियमों के लिये जागरूकता अभियान चलाये जाने की जरूरत

**भाटापारा।** बढती दुर्घटनाओं को देखते हुये यातायात नियमो के जागरूकता आम जन मानस मे लाने एक अभियान चलाये जाने की जरूरत है। बिगडते यातायात व्यवस्था और घटती गंभीर दुर्घटनाओं को देखते हुये ग्राम स्तर से लेकर शहरो मे भी एक शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किये जाने की जरूरत है वैसे भी दो वर्ष पूर्व जिला पुलिस के तत्कालिन एसपी दीपक कुमार झा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे ने गांव गांव एवं शहरो मे थाना पुलिस की मदद से एक जागरूकता अभियान चलाया था जिसका असर यह रहा कि लोग उस विषय पर जागरूक होने लगे थे उसी को पुनरू प्रारंभ करते हुये जागरूकता अभियान चलाये जाने की जरूरत है।



# मुख्यमंत्री पहुंचे शिवरतन निवास व भोजन ग्रहण किया



**भाटापारा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाटापारा कृषि उपज मंडी मे आयोजित आदिवासी समाज के सम्मेलन मे भाग लेने के पश्चात अपने व्यस्त समय मे से समय निकालकर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के सुभाष वार्ड स्थित निवास मे पहुंचकर भेजन ग्रहण किया। इस दौरान वहां पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के अलावा रामरतन शर्मा, शिवरतन शर्मा, मोहन शर्मा, जयकिशन शर्मा, प्रेमरतन शर्मा, अभिनव शर्मा, आदित्य शर्मा, अजय शर्मा एवं जिला पंचायत के पूर्व सभापति अश्वनी शर्मा ने आगंतुक अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया।

# राजेश छाबड़िया प्रदेश सचिव व नंदलाल तनवानी प्रदेश मंत्री





**भाटापारा।** पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की प्रदेश कमेटी की घोषणा संत शिरोमणि सांई युद्धिष्ठिर लाल जी की पावन उपस्थिति में प्रदेश अध्यक्ष श्री महेश दरयानी द्वारा की गई,जिसमें पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत भाटापारा के महासचिव,बजरंग वार्ड के पार्षद व संत कंवरराम सेवा मंडल के अध्यक्ष राजेश हजारीलाल छाबड़िया को प्रदेश सचिव एवं पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत भाटापारा के कार्यकारिणी सदस्य व सक्रिय समाजसेवी नंदलाल तनवानी को प्रदेश मंत्री मनोनित किया।दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष श्री महेश दरयानी,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री महेश रोहरा व प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री कैलाश बालानी जी का आभार व्यक्त करते हुए समाज द्वारा दिये गए सम्मान व जवाबदारी को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने की बात कही है इस नियुक्ति पर पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत भाटापारा के अध्यक्ष श्री इंदरलाल थारानी,पूज्य बिरादरी पंचायत के अध्यक्ष श्री भीषम गुरयानी,श्री अनिल रोचलानी,श्री सुदामा मंधान,श्री रहंदा गेहाणी,श्री श्रीचंद छाबड़िया,श्री राकेश मंधान,श्री रूपेश किंगरानी,श्री रंजित दावानी,श्री राजेश थारानी,श्री गुरूमुख गंगवानी,श्री किशोर दावानी,श्री प्रताप ठाकुर,श्री विक्की छाबड़िया,श्री गोलू थारानी,श्री महेश चंदानी,श्री आत्माराम जोतवानी,श्री नितिन भोजवानी,श्री सच्चानंद थदवानी,श्री जगदीश लालवानी,श्री सुरेश वाधवानी,श्री मंगलानी,श्री श्रीचंद भिरानी सहित नगरजनों ने बधाई प्रेषित की है।

## विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, हिंदू समाज, संगठनों ने फूंका राहुल गांधी का पुतला





ब्यूरोचीफ गौरव अग्रवाल

**राजनांदगांव।** लोकसभा में विपक्षी नेता प्रतिपक्ष की भूमिका द्वारा चुने गए राहुल गांधी द्वारा सभा में हिंदू समाज को हिंसक सत्य कहते हुए अनर्गल भाषण पर आपत्ति जताते हुए शहर के महावीर चौक से मानव मंदिर चौक तक राहुल गांधी की शव यात्रा निकली गई तथा अत्यंत आक्रोश के साथ पुतला दहन किया गया। संगठन ने कहा कि राहुल गांधी आज जिस पद पर आसीन है, वहां अटल बिहारी बाजपेई जैसे महान व्यक्तित्व शोभित थे। भारत के हिंदू समाज ने गांधी परिवार को सांसद विधायक से लेकर प्रधानमंत्री तक बनाया, पर इनके तेवर हमेशा हिंदूओं को लेकर अभद्र रहे है। सांसद राहुल गांधी का हिंदूओं को लेकर शुरूआत से यही रवैय्या रहा है, इनके बयानों में हिंदू मंदिर को लड़की छोड़ने की जगह और हिंदू लोग मंदिर चप्पल चुराने जाते है, इसे भाषण दिए जाते है। कभी ये जातियों में हिंदूओं को बांटने का प्रयास करते है, तो कभी एक तरफा राजनीति कर अल्पसंख्यकों से रिश्ते मजबूत करते है। आज इसी का फल है कि इतनी बड़ी पार्टी होकर भी एक सीमित आंकड़े में सिमट कर रह गई है और छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश सहित अनेक राज्यों को खो चुके है, यदि यह अपमानजनक कार्य जारी रहा तो आगे भी कांग्रेस इसका दंड हिंदू समाज से भुगतेगी और राहुल गांधी से सार्वजनिक माफी के साथ-साथ लोकसभा अध्यक्ष से राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने की मांग की। उक्त स्थान पर विहिप, बजरंग दल सहित अनुसंसगिक संगठन और बड़ी संख्या में हिंदू समाज, समाज प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी बजरंग दल जिला संयोजक सुनील सेन ने दी।

## ऐतिहासिक दाउ कल्याण सिंग तालाब को बचाये जाने की दरकार

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** क्षेत्र के प्रसिद्ध दानवीर दाउ कल्याण सिंग द्वारा जनता के हित मे सूखा राहत के तहत सन 1935 मे निर्मित किये गये कल्याण सागर तालाब इन दिनो अवैध कब्जा करने वालो के लिये सहज व सरल स्थान बन गया है जिसके चलते ऐतिहासिक तालाब अब धीरे धीरे सिकुडते हुये अंतिम सांसे गिन रहा है। कल्याण सागर तालाब के चारो तरफ पहले से जहां अवैध कब्जो का साम्राज्य बन गया है वहीं अब अवैध कब्जाधारियों के हौसले इतने अधिक बुलंद हो गये है कि वे अब तालाब के निचले हिस्से मे भी पक्के अवैध कब्जे करके तालाब को पाटने के लिये उतारू हो गये है कल्याण सागर तालाब के चारो तरफ वर्तमान मे दर्जनभर से अधिक अवैध कब्जा से मकान बनाने का काम तेज गति से चल रहा है जिसे रोकने मे पालिका प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है तालाब के चारो तरफ अवैध रूप से शहर के गार्डन मे लगने वाले बच्चों के झूले व अन्य सामाग्री को कतिपय लोग तालाब के आने जाने वाले रास्ते पर लगाकर यातायात बाधित कर रहे है वहीं अवैध कब्जो से निकले तमाम कच्चे मलबा को तालाब मे हीं डाला जा रहा है जिसे प्रत्यक्ष रूप से देखा जा सकता है। तालाब मे एक लंबे समय से सफाई कार्य नहीं किये जाने से संपूर्ण तालाब जलकुंभी व गंदगी से पट गया है वहीं पानी पूरी तरह प्रदूषित हो गया है कल्याण सागर तालाब मे पूरे शहर के लोग किसी के मौत हो जाने के पश्चात स्नान, नहावन, दशगात्र व अन्य क्रियाकलाप करने पहुंचते है लेकिन तालाब के प्रदूषित जल व अवैध कब्जो के कारण दुखी परिवार को सिवाय और दुख के कुछ नहीं मिलता तालाब मे व्यवस्था के नाम पर प्रशासन द्वारा कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है फ लस्वरूप ऐतिहासिक तालाब अपना अस्तित्व बचाने संर्घष कर रहा है तालाब के चारो तरफ वर्तमान मे अवैध कब्जे हो रहे है वहीं अधिकांश हिस्सों पर अवैध शराब पीने व जुआ खेलने वाले खुलेआम मजमा लगाये तालाब के माहौल को खराब कर रहे है जिला प्रशासन प्रसिद्ध दानवीर की ऐतिहासिक धरोहर कल्याण सागर तालाब को संरक्षित व संवर्धित करने तत्काल अवैध कब्जा हटाने प्रयास करें ताकि कल्याण सागर का अस्तित्व कायम रह सके इस तालाब के कारण हीं शहर के लगभग आधा दर्जन वार्डो का जल स्तर कायम रह पाया है भीषण गर्मी मे भी यह तालाब लोगों के लिये सहारा बना रहा वर्तमान मे तालाब को अवैध कब्जा से मुक्त करने तथा उसकी सफ ाई किये जाने की जरूरत है चूंकि अब बरसात का मौसम आ गया है इसलिये बरसात के बाद कल्याण सागर तालाब को बचाने प्रशासन ठोस कदम उठावें बहरहाल अभी जो कब्जे अवैध रूप से हो रहे है उसमे भी त्वरित कार्यवाही किये जाने की जरूरत है ताकि बढते अवैध कब्जे पर रोकथाम लग सके।

# पहली बारिश के बाद जगह जगह अभी भी जल भराव व गंदगी की स्थिति

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** क्षेत्र मे शुक्रवार को हुई बारिश के बाद खेती किसानी के काम मे तेजी आ गई है वहीं पिछले दो दिनो से मौसम ने उमस का माहौल बरकरार है इस बीच शुक्रवार को हुई भारी बारिश से जगह जगह जल भराव की स्थिति से अभी भी शहर उबर नहीं पाया है। हटरी बाजार रेल्वे अंडरब्रिज के बाजू से हटरी बाजार की ओर जाने वाले रास्ते पर जल भराव की स्थिति अभी भी बनी हुई है जिससे लोगों को आवाजाहीं मे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है खासकर पैदल चलने वालो को पैर व कपडे भिगोकर आना जाना पड़ रहा है इसी प्रकार मस्जिद के पास भी गैरेज लाईन मे जल भराव की स्थिति बनी हुई है इसी प्रकार के हालात डॉ.जांगडे हास्पिटल के बाजू से गायत्री मंदिर की ओर आने वाली सड़क पर भी जल भराव के हालात बने हुये है इन क्षेत्रों मे अब तक प्रशासन के किसी भी अमले ने सुध नहीं ली है जिससे लोग हलाकान है। पहली बारिश के बाद से शहर मे सफ ाई व्यवस्था की भी पोल खुल गई है जगह जगह नाली नाला जाम की स्थिति है वहीं गंदगी व कचरो के ढेर से लोग हलाकान है सबसे ज्यादा बदतर स्थिति सदर बाजार वार्ड के बंद पडे पुराने रेल्वे अंडरब्रिज के पास है जहां असहनीय बदबू से लोग परेशान है।

खासकर यहां पर मुर्गा, मटन, के अवशेष फे के जाने तथा सडी गली सब्जियों के कचरे फें के जाने से जहां आवागमन अवरूद्ध है वहीं बदबू से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। तत्कालिन कलेक्टर रजत बंसल के कार्यकाल मे उनके हीं निर्देश पर तत्कालिन एसडीएम नरेन्द्र बंजारा व तत्कालिन तहसीलदार ज्योति मसियारे सफ ाई व्यवस्था का नियमित रूप से निरीक्षण करने सड़को पर अल सुबह निकल पडते थे लेकिन वर्तमान मे ऐसी व्यवस्था नहीं होने से सफ ाई व्यवस्था का जनाजा निकल गया है और तो और गंदगी व बदबू के कारण लोगों के घरो मे अब मच्छर व कीडे मकोडे प्रवेश करने लगे है वर्तमान मे राष्ट्रीय स्तर पर जारी सूची मे भाटापारा नगर पालिका क्षेत्र को देश का सर्वाधिक गंदा शहर की सूची मे स्थान मिला है जिसमे देश के टॉप टेन गंदे शहरो मे छत्तीसगढ राज्य के भाटापारा ने आठवें नंबर पर सर्वाधिक गंदे शहर के रूप मे खिताब प्राप्त कर प्रदेश व देश मे भाटापारा की नाक को कटवाकर रख दिया है उसके बावजूद शासन प्रशासन की ओर से ऐसा कोई उपाय नहीं किया जा रहा है कि लोगों को गंदगी व बदबू से निजात मिल सके।

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र की हत्या का काला दिवस : रामविचार नेताम

## सत्ता के बल पर लगाया गया था आपातकाल भारतीय लोकतंत्र की हत्या का काला दिवसः रामविचार नेताम











**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज पूरे देश में आपातकाल की विभीषिका को आपातकाल एक काला दिवस के रूप में मनाया गया भारतीय जनता पार्टी 25 जून की तारीख को दशकों से काले दिवस के रूप में मनाते आई है 1975 को लगाई गई आपातकाल को आज 49 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं भाजपा आज के दिन भारतीय लोकतंत्र की हत्या का सबसे काला दिवस के रूप में मनाती आई है इसी कड़ी में भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में आपातकाल एक काला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप के छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री रामविचार नेताम की उपस्थिति रही और कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने की

जहां आज कार्यक्रम की शुरवात सर्वप्रथम सभी अतिथियों की उपस्थिति में भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर की गई उसके पश्चात आपातकाल की विभीषिका को काले दिवस के रूप के स्मरण करते हुए एक वृतचित्र चलाया गया एवं उसके पश्चात मीसा बंदियों का सम्मान शॉल , पुष्पमाला और श्रीफल भेंट करके किया गया ।

### आपातकाल लोकतंत्र पर स्याह धब्बा : रामविचार

इस अवसर पर उपस्थित सम्मानित मिसाबंदीयो और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री रामविचार नेताम ने कहा की आपातकाल को याद करते ही तात्कालिक कांग्रेस सरकार के विरोधियों की रूह तक कांप जाती है कब किसको कहां से उठा के जेलों में भर दिया जाएगा देश भर में लाखों लोगों को जेलों में भर दिया गया देश एक अघोषित खुली जेल बना दिया गया आपातकाल लोकतंत्र पर एक स्याह धब्बा है । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चुन्नीलाल साहू ने कहा की आपातकाल सदैव लोकतंत्र के इतिहास में काला दाग रहेगा जब इंदिरा गांधी ने केंद्र में कांग्रेस सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय को ना मानते हुए देश भर को खुली जेल बना दिया था प्रत्येक निजी संस्थानों की आजादी छीन ली गई पत्रकारों तक को सरकार के खिलाफ बोलने पर जेल में भर दिया जाता आज भी आपातकाल को इसलिए याद किया जाता ताकि देश में पुन: ऐसा काला दौर लौट के ना आ सके कांग्रेस की नीति और नियति सत्ता की लोलुपता के लिए इस तरह की कार गुजारियों को अंजाम देने की रही है ।

मीसाबंदी रहे मोहन चोपड़ा ने अपना स्मरण साझा करते हुए कहा की मेरी आयु मात्र 23 वर्ष थी जब आपातकाल में मुझे 21 माह जेल कटना पड़ा जैसे किसी अपराध में सजा का प्रावधान पता होता है उसके दिगर आपातकाल के बंदियों और उनके परिवार को यह नही पता था की कब तक हम जैसे को जेलों बिना किसी अपराध के सड़ना पड़ेगा कोई परिवार का एक ही कमाने वाला होता तो उसके परिवार के खाने के लाले पड़ जाते लेकिन हम जैसे लाखों ने इस देश के लोकतंत्र को अक्षुण रखने तमाम यातनाएं सही और यही एक वजह है की जिस तरह आजादी की लड़ाई लड़ने वाले सभी भारतीयों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कहा जाता है उसी तरह आपातकाल के बंदियों को लोकतंत्र सेनानी नाम से संबोधित किया जाता है ।

मोहन चोपड़ा के साथ आज के कार्यक्रम में विशेष रूप से दिवाकर तिवारी जिनकी आयु मात्र 17 वर्ष थी , असित भट्टाचार्य जिनकी आयु मात्र 20 वर्ष थी जब उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था भी उपस्थित थे सभी ने कहा की आपातकाल का वक्त और यातनाएं याद करके आंखे भर जाती हैं लेकिन मन में एक संतुष्टि है की लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमने जो यातनाएं सही वह आज उत्तम परिणाम भी दे रही हैं हम सभी इस तरह के आत्मीय सम्मान से गौरवान्वित महसूस करते हैं । आज के कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, जिला उपाध्यक्ष गोपी साहू, अकबर अली, सहित पार्टी के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे 7 ओजस्वी मंच संचालन जिला महामंत्री सत्यम दुवा द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री रमेश सिंह ठाकुर द्वारा किया गया।








# शिक्षा भावी पीढ़ी के निर्माण की पहली सीढ़ी है-इन्द्र साव




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। शिक्षा भावी पीढ़ी के निर्माण की पहली सीढी है, और शिक्षित हुआ बच्चा आगे चलकर अपने परिवार समाज और देश को आगे बढ़ाने का कार्य करता है इस कारण बच्चो की शुरुवाती नीव इतनी मजबूत हो की बच्चा सभ्य समाज को आगे बढ़ा सके और ये सब तभी संभव हो पाएगा जब शिक्षक गण अपनी शिक्षा से बच्चों के मन के विचारों को समझ उसे आगे बढ़ाने में अपना समय देंगे।

उक्त बातें विधायक इंद्र साव ने विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यार्थी एवं पालकों को संबोधित करते हुए कही। नगर के पंचम दीवान पूर्व माध्यमिक शाला में आयोजित विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक इंद्र साव ने कहा कि बच्चों का असली गुरु ही माता पिता के बाद शिक्षक होता है और बच्चों की शिक्षा दीक्षा ऐसी होनी चाहिए कि बच्चों के पालक गण भी गर्व महसूस करे। आज शिक्षा का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है और बच्चों को सिर्फ पढ़ना ही मूल मकसद नहीं होना चाहिए बल्कि जिस विधा में बच्चे की जिज्ञासा हो उस क्षेत्र में भी उसे पूर्ण रूपेण शिक्षित किया जाना चाहिए। विधायक इंद्र साव ने नये शिक्षा सत्र में नन्हे मुन्ने बच्चों का शाला प्रवेश उत्सव पर बच्चों का तिलक लगाकर अभिनदंन करते हुए उन्हें पुस्तक, गणवेश आदि का वितरण करते हुए बधाई और शुभकामनाए दी। उक्त अवसर पर बीईओ राम जी पाल, बीआरसीसी लेखराम साहू, पार्षद आशीष पुरोहित, श्रीमती गायत्री आडिल, एबीईओ भास्करचंद देवांगन, मुकेश अग्रवाल, मुन्ना सिंह नेताम, प्रभारी प्राचार्य शैलेंद्र नामदेव, राजेंद्र जोशी, केशव राम वर्मा, मुकेश देवांगन, तेजराम वर्मा, वीरेंद्र बंजारे, सालिक राम साहू, श्रीमती सुशीला वर्मा, शिवमंगल ठाकुर, मुकेश वर्मा, श्रीमती सुनीता देवांगन, श्रीमती सुशीला साहू व श्रीमती प्रियंका चौबे सहित विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री से मिले अधिवक्ता संघ के लोग



**भाटापारा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के भाटापारा आगमन पर स्थानीय अधिवक्ता संघ द्वारा नये कोर्ट बिल्डिंग के लिये राशि स्वीकृत कर जल्द नये भवन बनाने, नव निर्मित उप जेल को शीघ्र प्रारंभ करने, अपर कलेक्टर की नियुक्ति कर एक अरसे से निर्मित एडीशनल कलेक्टर भवन मे कार्य प्रारंभ कराने तथा अधिवक्ता आवास कालोनी हेतु भूमि आबंटन किये जाने की मांग के संबंध मे ज्ञापन सौंपा। उक्त अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल मिश्रा, सुरेश यदु सचिव, न्याजी खान, नरेंद्र यदु, आनंद शर्मा, विजय केसरवानी व टेकराम सेन सहित अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### भाटापारा मिडिल स्कूल में न्यौता भोज संपन्न



**भाटापारा।** स्थानीय शासकीय ईतवारी राम यादव हायर सेकेण्डरी स्कूल अंतर्गत संचालित पूर्व माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 मे गत दिनो शाला प्रवेशोत्सव एवं नये सत्र का शुभारंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम मे वार्ड पार्षद रानी राजेन्द्र वर्मा अतिथि के रूप मे उपस्थित रहीं उक्त अवसर पर उन्होने अध्ययनरत विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान दाउ आनंद अग्रवाल द्वारा तमाम लोगों को न्यौता भेज कराया गया। उपरोक्त अवसर पर प्रभारी प्राचार्य दिनेश शर्मा, देवलाल बघमार, सालिकराम साहू, सरिता सोनी, सरिता शर्मा, रेणु वर्मा, अंजलि वर्मा व अभिषेक वर्मा सहित बडी संख्या मे छात्र व पालकगण उपस्थित थे।

# संरक्षा के सजग प्रहरी को महाप्रबंधक, सुश्री नीनु इटियेरा ने सम्मानित किया

बिलासपुर। रेल परिचालन में संरक्षा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है । सजगता एवं बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों का सम्मान महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हर माह आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान किया जाता है ।



इसी कड़ी में आज दिनांक 03 जुलाई'2024 को बिलासपुर मंडल में कार्यरत संरक्षा कोटि के कर्मचारी को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा सबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक सुश्री नीनु इटियेरा के द्वारा सम्मानित किया गया ।

बिलासपुर रेल मण्डल के वरिष्ठ सहायक लोको पायलट श्री संत शरण कुमार ने 15 मई' 2024 को एक डाउन ट्रेन के लोको में अपनी ड्यूटि के दौरान राबर्ट्सन-खरसिया सेक्शन में देखा कि दूसरी दिशा से आने वाली अप ट्रेन का एक वैगन फैला हुआ है, जो कि ओएचई असेंबली से टकराकर उसे क्षतिग्रस्त कर सकता था और एक संभावित दुर्घटना का कारण भी बन सकता था । उन्होने तुरंत इस घटना की सूचना ऑन ड्यूटि स्टेशन मास्टर/ खरसिया को दी, जिसके उपरांत इसकी सुचना कंट्रोल को दी गयी और गाड़ी को खरसिया स्टेशन पर कंट्रोल कर के आवश्यक सुधार कार्य करने के बाद ट्रेन को सुरक्षित रूप से रवाना किया गया । श्री संत शरण कुमार, वरिष्ठ सहायक लोको पायलट की सजगता एवं सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई ।

संरक्षा कोटि के कर्मचारी को सम्मानित किए जाने के अवसर पर प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी, अन्य विभागाध्यक्ष सहित अधिकारीगण उपस्थित थे ।

# बारिश के मौसम में भी भाटापारा मंडी में रिकार्ड तोड़ आवक

## धान लदे वाहनो के चारो तरफ सड़क पर खडे रहने से यातायात बाधित

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी मे रबी फ सल की धान का आवक भारी मात्रा मे हो रहा है। रविवार को अवकाश के बावजूद सैकड़ो के तादाद मे धान से लदे हुये छोटे बडे तमाम प्रकार के चौपहिया वाहन ग्राम खोलवा से लेकर भाटापारा शहर के कालेज गेट तक सड़क पर हीं खडे होकर बिकते रहे। फ लस्वरूप भाटापारा बिलासपुर मार्ग पर आवाजाही करने वालो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा इस प्रकार का वाक्या सोमवार को भी प्रातरू 6 बजे से प्रातरू 8 बजे तक उक्त मार्ग पर फि र से देखने को मिला जहां धान ब्रोकर्स व बिचौलिये अपने हाथ मे बंबू लेकर धान लदे वाहनो को सड़क पर हीं सैकडो की तादाद मे रोककर धान बोरे पर बंबू मारकर औने पौने दाम मे खुलेआम सड़क पर हीं धान का सौदा करते रहे जिससे किसानो का धान जहां कम कीमत पर बिकने लगा है वहीं सड़क पर बंबू मारकर बोरे से धान का सैम्पल निकाले जाने के कारण बडी मात्रा मे धान भाटापारा बिलासपुर मार्ग के खोलवा से कालेज गेट तक सड़को पर हीं गिरते रहा जिसे कुछ महिलायें झाडू मारकर उठाने के काम मे मशगुल रहीं इस दौरान इस प्रकार की कृत्य किये जाने से सड़क पर जहां यातायात बाधित हो रहा है वहीं सड़क दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बढ रहीं है। सड़क पर धान बिकने के बावजूद भाटापारा मंडी मे धान की बंपर आवक दर्ज की गई है मंडी प्रांगण के भीतर लगभग 27 से 28 हजार बोरा धान की आवक हुई जिसमे विष्णु भेग, एचएमटी, महामाया एवं मोटा मिक्स धान शामिल है।

मंडी प्रांगण मे महामाया नया धान 2230 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका वहीं मोटा मिक्स धान 2040 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया मंडी प्रांगण मे गेहूं की भी आवक हुई जिसमे 2335 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर गेहूं बेचा गया वहीं चना 6256 रूपये प्रति क्विंटल पर बिका, मंडी प्रांगण मे सर्वाधिक कीमत राहर को मिला जो कि 10810 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया मसूर 5427 रूपये प्रति क्विंटल तथा बटरी 6015 रूपये प्रति क्विंटल पर बेचा गया, सरसो 5900 रूपये प्रति क्विंटल तथा मूंग 6130 रूपये प्रति क्विंटल एवं धनिया 6450 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च दर पर बेचा गया इस प्रकार बारिश का मौसम शुरू होने के बावजूद भाटापारा मंडी मे धान व उन्हारी की बंपर आवक का सिलसिला लगातार जारी है लेकिन व्यवस्था मे कोई सुधार नहीं हो रहा है। धान की बंपर आवक के कारण छत्तीसगढ राज्य के लगभग 12 जिलो से आये किसान व वाहन चालक सोमवार को भी मंडी प्रांगण के चारो तरफ की सड़को पर अपनी उपज को बेचने लंबी लाईन लगाये खडे रहे फ लस्वरूप हास्पिटल चौक से लेकर मंडी मार्ग होते हुये बस स्टैड की ओर जाने वाली सड़क पर एक भी निजी वाहन नहीं आ जा सके। परिणाम स्वरूप लोगों को आवाजाहीं मे भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ा।

# शाला प्रवेशोत्सव के साथ न्यौता भोज का कार्यक्रम हुआ

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम खैरी राजाढार प्राथमिक शाला मे शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी प्रकार के आयोजन शहीद वीर नारायण सिंग स्कूल लाल बहादूर शास्त्री वार्ड, आदर्श स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला पटपर, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला माता देवालय, शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला जरहागांव सहित अनेक स्कूलों मे शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया।

उक्त अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को न्यौता भेज कराया गया। उक्त कार्यक्रम मे ग्राम खैरी मे तरूण वर्मा ने अपने खर्च पर बालिकाओं के लिये शौचालय निर्माण की घोषणा की साथ हीं प्रवेश द्वार बनवाने की बात भी उन्होने कहीं। उपरोक्त अवसर पर एबीईओ भास्करचंद देवांगन, मुन्ना लाल नेताम, शत्रुघन डहरिया, सविता सोनकर, बंशीलाल चौहान, प्रमोद वर्मा, शत्रुघन कुर्रे, निहाला, विरेन्द्र मानसरोवर, लोकेश्वरी ध्रुव, मुकेश देवांगन, रंजीत यदु, नासिर सिद्यकी, सीमा साहू, रामनारायण पटेल, अमृता अग्रवाल, मनीषा ठाकुर, विवेक कटकवार, विरेन्द्र बंजारे, कामीन वर्मा, उर्मिला वर्मा, रानी ध्रुव, गिरवर वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाटापारा पुलिस महकमे में अनेक तबादले

**भाटापारा।** पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से शहर थाना मे पदस्थ नगर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे को भाटापारा से स्थानांतरित करते हुये सिमगा टीआई के रूप मे पदस्थ किया है इसी प्रकार उनके रिक्त स्थान पर कसडोल थाना प्रभारी परिवेश तिवारी को भाटापारा की कमान सौंपी गई है इसी तरह यातायात शाखा मे पदस्थ रितेश मिश्रा को कसडोल थाना का थानेदार बनाया गया है उनके स्थान पर सिमगा थाना प्रभारी गोपाल ध्रुर्वे यातायात शाखा की कमान संभालेंगे इधर राज्य शासन द्वारा पूर्व मे किये गये तबादले के तहत एसडीओपी आशीष अरोरा मोहला मानपुर अंबागढ चौकी के लिये रवाना हो गये उनके स्थान पर नये एसडीओपी के रूप मे ऐश्वर्या चन्द्राकर जशपुर से भाटापारा पहुंच गये है इस प्रकार पुलिस महकमे मे जिम्मेदार अधिकारियों के तबादले हुये है। प्रशासनिक व्यवस्था के तहत भाटापारा शहर मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप मे हेमसागर सिदार की नियुक्ति की गई है वे भाटापारा पहुंच चुके है।

### रेल्वे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत निर्माण कार्य प्रगति पर



**भाटापारा।** केन्द्र सरकार के द्वारा विभिन्न रेल्वे स्टेशनो के उन्नयन को लेकर अमृत भारत योजना बनाई गई जिसके तहत रेल्वे स्टेशन पर विभिन्न निर्माण कार्य जारी है। इस कार्य के लिये रायपुर रेल मंडल द्वारा गति शक्ति यूनिट संचालित की गई है जो इस कार्य को निरंतर निगरानी मे रखकर पूरे कार्य को संपादित करा रहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर बिलासपुर सेक्शन के भाटापारा सहित तिल्दा नेवरा, बिल्हा व निपनिया रेल्वे स्टेशनो पर भी अमृत भारत स्टेशन योजना का कार्य प्रगति पर है। जिसमे भाटापारा स्टेशन पर कानकोर्स बिल्डिंग मे ग्राउंड तल के इंनसाईड प्लास्टर चल रहा है प्लेट फ ार्म नंबर पांच पर पीसीसी कार्य चल रहा है प्लेट फ ार्म नंबर पांच पुरानी टाईल्स रिमूविंग का कार्य चल रहा है, डोम शेड के फ ेब्रिकेशन का कार्य चल रहा है सभी कार्यो को करने के लिये लगभग 30 मजदूर कार्य कर रहे है इस संबंध मे भारतीय रेल यातायात सेवा के वरिष्ठ मंडल वांणिज्यिक प्रबंधक ने पत्र के माध्यम से बताया कि कुछ भ्रामक समाचार के चलते लोगों को असत्य जानकारी प्राप्त हुई है जबकि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत संपूर्ण कार्य पूर्ण द्रुत गति से और जिम्मेदारी पूर्वक जारी है चूंकि यह केन्द्र सरकार की महती योजना है जिसको रेल मंडल द्वारा जिम्मेदारी पूर्वक किया जा रहा है।

### शंकराचार्य के जन्म दिन पर भाटापारा में अनेक आयोजन



**भाटापारा।** पुरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का 82 वां प्राकट्य महोत्सव राष्ट्र उत्कर्ष दिवस के रूप मे मनाया जायेगा। उक्त अवसर पर भाटापारा मे भी प्रातरू 9 बजे से दिव्य रूद्राभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। साथ हीं हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकाण्ड पाठ, संकीर्तन संगोष्ठी, सत्संग सभा, पौधा रोपण के साथ साथ विशाल प्रसादी भंण्डारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। मारवाडी कुंआ स्थित शिव मंदिर प्रांगण मे आचार्य झम्मन शास्त्री के सानिध्य मे अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये है। उपरोक्त आयोजन मे आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी व धर्म संघ पीठ परिषद सहित श्रद्धालु बडी संख्या मे भाग लेंगे। उक्ताशय की जानकारी धर्म प्रेमी कोमल प्रसाद शर्मा ने दी है।

# बरसात के बावजूद भाटापारा मंडी में धान की भरपूर आवक

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। प्रदेश की सबसे बडी मंडी मे मंगलवार को भी रबी फ सल धान की बंपर आवक रहीं जिसके तहत 20 हजार से अधिक बोरा विभिन्न किस्म के धान बिक्री के लिये प्रांगण मे पहुंचे जिसमे ज्यादातर धान महामाया थे।



बरसात मे धान की बंपर आवक के बावजूद धान के भाव भी किसानो को पर्याप्त रूप से प्राप्त हुये जिससे उनके मन मे खुशी के भाव भी छलकने लगे। मंडी मे विष्णुभेग ईनेम धान 3571 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका वहीं श्रीराम धान 3195 रूपये प्रति क्विंटल पर बेचा गया महामाया नया धान 2401 रूपये के उच्च स्तर पर बेचा गया मोटा मिक्स धान 2005 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका उन्हारी उपज मे कोदो की भी अच्छी आवक रहीं कोदो 3516 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया वहीं गेहूं 2300 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया, चना 6431 रूपये तथा तिवरा 4500 रूपये, मसूर 5300 रूपये एवं राहर 10900 रूपये, बटरी 5997 रूपये, सोयाबीन 3941 रूपये, सरसो 4788 रूपये, उड़द 7900 रूपये, मूंग 6710 रूपये तथा अकरी 3370 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया मंडी प्रांगण मे कवर्धा, बेमेतरा, मुंगेली, गौरेला पेन्ड्रा मरवाही, चांपा जांजगीर, दुर्ग, महासमुंद व बिलासपुर सहित दूर दराज के अन्य जिलो के किसान अपनी उपज का अच्छा भाव व त्वरित भुगतान प्राप्त करने के वास्ते भाटापारा मंडी पहुंचे हालांकि निरंतर बारिश के चलते स्थानीय मंडी मे पहले की तुलना मे आवक थोडी कम हुई है लेकिन क्षेत्र के तमाम राईस व पोहा मिल संचालको को पर्याप्त धान प्राप्त हो रहा है।

# सुश्री जया किशोरी के प्रेरक व्याख्यान से युवाओं को मिलती है नई ऊर्जा- मुख्यमंत्री साय



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राइज़ एंड शाइन विथ जया किशोरी कार्यक्रम में शामिल हुए।

**मुख्यमंत्री साय राइज़ एंड शाइन विथ जया किशोरी कार्यक्रम में हुए शामिल**

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कथावाचक एवं यूथ मोटिवेटर सुश्री जया किशोरी के यहां आने से यहां उपस्थित सभी लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट है। यूट्यूब में इनके प्रेरक वीडियोज़ बहुत पसंद किए जाते हैं। जब मेरे पास कुछ व्यक्तिगत समय निकल पाता था तो यूट्यूब में इनके मोटिवेशनल और आध्यात्मिक वीडियोज़ में स्वयं देखता था। आप लोग इनसे प्रेरित हैं, मुझे भी जब कभी सुनने अवसर मिलता है, तो प्रेरित होता हूं। सुश्री जया किशोरी के प्रेरक व्याख्यान से युवाओं को नई ऊर्जा मिलती है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य हम भारत की युवा शक्ति के दम पर हासिल करेंगे। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है।

यहां युवाओं की संख्या जनसंख्या में सर्वाधिक है। इस तारतम्य में हम विकसित छत्तीसगढ़ को दृष्टिगत रखते हुए जो विजन डॉक्यूमेंट बना रहे हैं, इसमें युवाओं की शिक्षा, प्रतिभा, रोजगार, कौशल विकास तथा स्वरोजगार आदि में युवाओं के लिए अवसर और विकास मे उनकी समग्र भागीदारी पर हमारा फोकस होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं इस कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से कहना चाहता हूं कि आप लोगों की ताकत और ऊर्जा से ही हम छत्तीसगढ़ का पुनर्निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुश्री जया किशोरी ने अपने प्रेरक व्याख्यान से छत्तीसगढ़ के लोगों को लाभान्वित किया और युवाओं को प्रेरित किया। उसके लिए मैं उन्हें पुन: धन्यवाद देता हूं।

राइज़ एंड शाइन विथ जया किशोरी कार्यक्रम लल्लूराम डॉट कॉम और न्यूज 24 एमपी सीजी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। इस अवसर पर विधायक श्री राजेश मूणत व श्री मोतीलाल साहू भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर कार्यक्रम का लाभ उठाया।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मंत्री मनोहर लाल खट्टर से की मुलाकात

**प्रदेश की विभिन्न नगरीय निकायों की बड़ी योजनाओं पर की चर्चा, प्रधानमंत्री आवास योजना में 19,906 नए आवास स्वीकृत करने का किया आग्रह**

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरीय निकायों की बड़ी योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने शहरों की इन महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्य की शहरों के विकास की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए यहां संचालित केंद्रीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी भी केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री को दी। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर से नई दिल्ली के श्रम शक्ति भवन में हुई मुलाकात के दौरान वर्तमान में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत या आगामी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत बीएलसी घटक के अंतर्गत 19 हजार 906 नए आवास स्वीकृत करने का अनुरोध किया। उन्होंने श्री खट्टर को बताया कि छत्तीसगढ़ द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 516 करोड़ 20 लाख रुपए का एक्शन प्लान स्वीकृति के लिए भारत सरकार को भेजा गया है। रायपुर, दुर्ग एवं भिलाई निकायों के क्लस्टर तथा बिलासपुर, रतनपुर, बोदरी एवं मुंगेली में सूखे कचरे के निपटान के लिए 10 मेगावाट का वेस्ट-टू-इलेक्ट्रिसिटी प्लांट लगाने के लिए करीब 400 करोड़ रुपए की परियोजना का



प्रस्ताव भी भेजा गया है। उन्होंने इन दोनों कार्यों के लिए राशि मंजूर करने के साथ ही रायपुर और बिलासपुर को छोड़कर शेष नगर निगमों में इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट फैसिलिटी की स्थापना के लिए लगभग 800 करोड़ रुपए की स्वीकृति का भी अनुरोध किया।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने भारत सरकार के नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन के अंतर्गत नगरीय निकायों की संपूर्ण कार्य प्रणाली को आईटी-इनेबल्ड बनाने 200 करोड़ रुपए के अनुदान की स्वीकृति का आग्रह केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री से किया। उन्होंने राज्य के नवगठित 15 नगरीय निकायों को स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत शामिल कर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एवं वेस्ट वाटर मैनेजमेंट परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त राशि प्रदान करने का अनुरोध किया। श्री साव ने मिशन अमृत तथा अमृत 2.0 में शामिल नगरीय निकायों के साथ ही अन्य नगरीय निकायों में भी जलप्रदाय योजनाओं के लिए अतिरिक्त राशि मंजूर करने का आग्रह किया।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं की बेहतर सुरक्षा हेतु निरंतर किए जा रहे है रोड अंडर ब्रिज/अंडरपास के निर्माण

## समपार फाटकों पर रोड अंडर ब्रिज/अंडरपास के निर्माण से मिलता है फाटकों पर ट्रैफिक जाम से छुटकारा








**बिलासपुर ।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रेल के व्यापक नेटवर्क होने के कारण रेलवे और सड़क मार्ग जगह जगह एक दूसरे को क्रॉस करती है, जहाँ पर सड़क रेलवे लाइन को क्रॉस करती है, वहाँ पर सड़क यातायात के सुगम, संरक्षित और निर्बाध यातायात के लिए लेवल क्रॉसिंग गेट बनाए गए हैं । रेलवे लाइन पर ट्रेन चलने के समय लेवल क्रॉसिंग गेट को बंद कर दिया जाता है और ट्रेन को सुरक्षित पास करने के बाद रोड यातायात को खोल दिया जाता है ताकि सड़क मार्ग से जाने वाले पैदल यात्री तथा वाहन अपने गंतव्य तक सुरक्षित जा सके और ट्रेन परिचालन भी निर्बाध और संरक्षित रूप से होता रहे ।

समय के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रेलवे के आधारभूत संरचनाओं में आशातीत वृद्धि होने के कारण इन लेवल क्रॉसिंग गेट पर यातायात प्रभावित होता है । सड़क मार्ग से वाहनों का लगातार आवागमन के कारण लेवल क्रॉसिंग गेट से पहले सिग्नल पर ट्रेन रुक जाती है तो कभी ट्रेन के लगातार चलते रहने के कारण पर सड़क मार्ग के यात्री एवं वाहनों को लेवल क्रॉसिंग गेट से पहले इंतजार करना पड़ता है । खासकर व्यस्त राजमार्गों या शहर के मध्य मे स्थित लेवल क्रॉसिंग गेट पर यह समस्या गंभीर हो जाती है । विकसित होते शहरों, गावों, कस्बों आदि जहां की बसाबट लगातार बढ़ रही है, वहाँ समपार फाटक पर यातायात अवरुद्ध होने की संभावना रहती है । सड़क मार्ग के परिवहन की संरक्षा को बेहतर करने एवं असुविधा को कम करने के लिए व्यस्त समपारों की जगह इस समस्या के समाधान के लिए उपलब्ध संसाधनों और प्राथमिकता के आधार पर रेलवे के द्वारा रोड अंडर ब्रिज, अंडर पास एवं रोड ओवर ब्रिज आदि के निर्माण लगातार किए जा रहे है, जिनके निर्माण से मुख्य लाभों में यह है कि वे राजमार्गों और रेलवे पटरियों के बीच लेवल क्रॉसिंग की आवश्यकता को समाप्त करते हैं, जिससे ट्रेन तथा सड़क वाहन या पैदल यात्री संरक्षित रूप से यात्रा सम्पन्न करते हैं । चूंकि वाहन चालकों को लेवल क्रॉसिंग पर ट्रेनों के गुजरने का या ट्रेन को लेवल क्रॉसिंग गेट के बंद होने का इंतजार नहीं करना पड़ता है, इससे ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न नहीं होती है तथा इससे उनकी औसत गति में वृद्धि होती है । साथ ही यात्रा में कम समय लगता है व रेलवे ट्रैक के दोनों ओर के क्षेत्र आपस में जुड़ जाते हैं।

रेलवे फाटकों पर सड़क मार्ग के उपयोगकर्ताओं की सहूलियत एवं सुविधा के लिए बनाए गए रोड अंडर ब्रिज एवं अंडरपास के जहां बहुत सारे फायदे है वहीं बारिश के दिनों में कुछ रोड अंडर ब्रिज/अंडरपास आदि में जलभराव की स्थिति की जानकारी भी मिलती रही है । रेलवे द्वारा संज्ञान में आई जलभराव की समस्या से निबटने के लिए पुख्ता उपाय किए गए है, जिनमें प्रमुख रूप से बहुत सारी महत्वपूर्ण अंडर ब्रिज/अंडरपास में शेड का प्रावधान किए गए है, जिससे बारिश का पानी अंडर ब्रिज/अंडरपास के अंदर नहीं जाती है । दूसरा अंडर ब्रिज/अंडरपास में क्रॉस ड्रेन बनाए जा रहे है जो कि अंडर ब्रिज/अंडरपास के दोनों सिरों पर बारिश के दौरान ढलान

### बारिश के दिनों में रोड अंडर ब्रिज/अंडरपास में जलभराव ना हो इसके लिए रेलवे द्वारा किए गए है सार्थक उपाय

के पानी को किनारे पर बनाए गए संपवेल से मिलाकर बाहर कर देते है । तीसरे उपाय के रूप में बहुत सारे अंडर ब्रिज/अंडरपास में जल के भराव को बाहर करने के लिए सेंसर युक्त पंप लगाए गए है, जो कि जलभराव होने पर ऑटोमैटिक चालू हो जाती है और पानी को बाहर करती है । इसके साथ ही अन्य अंडर ब्रिज/अंडरपास में मोटर को मन्युअल चालू कर जलभराव को रोका जाता है । समय के साथ इस समस्या से निपटने के लिए रेलवे लगातार इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रही है ।

रेल प्रशासन रोड अंडर ब्रिज/अंडरपास के उपयोगकर्ताओं से आग्रह करती है कि बारिश के दिनों में यदि किसी रोड अंडर ब्रिज/अंडरपास में जलभराव खतरे के निशान पर हो उस दौरान रोड अंडर ब्रिज/अंडरपास को पार ना करें तथा निकटतम स्टेशन में सूचना देकर रेल प्रशासन का सहयोग करें ।

# नगर साहू समाज भाटापारा के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक इन्द्र साव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू







**भाटापारा।** नगर साहू समाज भाटापारा के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश साहू के साथ उनके पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह साहू छात्रावास भवन, दानवीर भामाशाह चौक के पास, परशुराम वार्ड में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाटापारा विधायक इंद्र साव, अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार साहू ने किया। नवनियुक्त पदाधिकारियो को जिला अध्यक्ष सुनिल साहू ने शपथ दिलवाया। मुख्य अतिथि भाटापारा विधायक इंद्र साव ने उपस्थित सामाजिक जनों एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाइयाँ दी एवं समाज के उत्तरोत्तर विकास एवं समाज के उत्थान हेतु कार्य करने एवं समाज में सक्रियता पर बल देने की बात कही साथ ही समाज मे शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को उनके भविष्य में स्वरोजगारन्मुखी कैरियर गाइडेंस हेतु समाज मे समय-समय पर शिविर आयोजित कर जानकारी देने की शुरुआत करनी चाहिए तथा नशा पान से दूर रहने के लिए युवाओं के साथ ही घर के बुजुर्गों व महिलाओ को भी गंभीरता से सोचने की जरूरत की बात कही। जिला अध्यक्ष सुनील साहू ने सभा को संबोधित कर सभी पदाधिकारियों को नवीन दायित्व की शुभकामनाएं देते हुए,समाज के एक एक व्यक्ति को साथ लेकर चलने को कहा व संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं लोगों की सक्रिय सहभागिता की बात कही। समाज में सामाजिक व्यवस्था एवं नियमावली को पालन करने कहा जिनको जो दायित्व मिला है उनको समाज हित में कार्य सक्रियता से करने को कहते हुए बधाई दिया। कार्यक्रम को रेवाराम साहू संरक्षक जिला साहू बलौदाबाजार, पूर्व विधायक भाटापारा चैतराम साहू, कार्य. अध्यक्ष जीतराम साहू जिला साहू संघ बलौदाबाजार ने भी संबोधित किया एवं स्वागत भाषण नव नियुक्त अध्यक्ष राजेश साहू ने किया। इस अवसर पर दिनेश साहू महासचिव जिला साहू संघ बलौदाबाजार,सुशील साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ लवन, जिला उपाध्यक्ष दीनदयाल साहू , कोषाध्यक्ष जिला साहू संघ राजाराम साहू,जिला युवा प्रकोष्ठ संयोजक रवि साहू,कर्मचारी आधिकारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक सुरेंद्र साहू,शंकर साहू कार्यकारिणी सदस्य बलौदाबाजार,पन्ना लाल साहू,जीवन साहू अध्यक्ष साहू छात्रावास बलौदाबाजार, लीलाधर साहू संघठन मंत्री जिला साहू संघ बलौदाबाजार, जिला साहू संघ वरिष्ठ सलाहकार भंवर सिंह साहू, तहसील उपाध्यक्ष भरत साहू, सीताराम साहू अध्यक्ष रोहासी परिक्षेत्र,अर्जुन साहू सचिव रोहांसी परिक्षेत्र,युगल किशोर साहू तहसील उपाध्यक्ष बलौदाबाजार, पारसनाथ साहू सचिव भरसेला परिक्षेत्र, पारसमणि साहू जिला कार्यकारिणी युवा प्रकोष्ठ, बलदाऊ साहू अध्यक्ष बलौदाबाजार परिक्षेत्र, सहदेव साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ मोपर, तिहारू साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ तरेंगा, सरोज कुमार साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ मटिया, रामखिलावन साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ दामाखेड़ा,सुरेन्द्र साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ बलौदाबाजार,राजेश साहू दामाखेड़ा अतिथि के रूप में शामिल हुए।

नवीन दायित्व व शपथ लेने वालों में मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेश साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कल्याणी साहू, घनाराम साहू, सचिव मनीराम साहू, सह सचिव जीत नारायण साव, कोषाध्यक्ष तिलक साहू, अंकेक्षक मुकेश साहू, छात्रावास प्रभारी नभ नारायण साहू, सलाहकार अजय (अमृतांशु), संतोष साहू, किशन साहू, सुकृत साहू, अनूप साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कमला साहू, महिला संरक्षक हिरमत साहू, प्रमिला साहू, डॉ. वीणा साहू, कार्य. सदस्य रूखमणी साहू, सीता साहू, नीरा देवी साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पीताम्बर साहू, सतीश साहू, सुरेश साहू, हेमंत साहू, सुखदेव साहू, कांति साहू,तरुण साहू, निकेश साव, समाज सेवक पीला राम साहू एवं भारी संख्या में समाज के स्वजातीय जन मौजूद रहे।

जिस राजभवन से गिरफ्तार हुए, 156 दिन बाद वहीं शपथ ली

# हेमंत सोरेन झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री बने

रांची । हेमंत सोरेन झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री बने। जेल से निकलने के छठे दिन ही उन्होंने राज्य की कमान एक बार फिर से अपने हाथ में ले ली है। 24 साल के झारखंड में वे 13वें सीएम बन गए।



इसके साथ ही तीसरी बार राज्य के सीएम पद की शपथ लेने वाले वे तीसरे सीएम बन गए हैं। उनसे पहले उनके पिता शिबू सोरेन और बीजेपी नेता अर्जुन मुंडा तीन बार सीएम पद की शपथ ले चुके हैं।

हेमंत सोरेन के इस शपथ को इसलिए भी खास माना जा रहा है कि 31 जनवरी को जिस राजभवन से उनकी गिरफ्तारी हुई थी, 156 दिन बाद दोबारा फिर से उन्होंने वहीं शपथ ली। हेमंत सोरेन इसे अपनी जीत और बीजेपी के षडयंत्र की हार बता रहे हैं। शपथ ग्रहण के बाद हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्तमान महागठबंधन की सरकार ने 2019 से जनता की भावनाओं के अनुरूप सारी कार्य योजनाएं की। राजनीतिक उतार-चढ़ाव के बीच चंपाई सोरेन ने उसे आगे बढ़ाया क्योंकि मैं जेल में था। आज कोर्ट के आदेश से मैं बाहर आ पाया हूं। पुनः अपने कार्यभार को संभालते हुए अब आगे के काम किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा, जनता, पार्टी कार्यकर्ता सबकी शुभकामनाएं है और हाई कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए हेमंत सोरेन फिर से झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में और तेजी से कार्य करेंगे... गांडेय मेरी प्राथमिकता है और रहेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा, हेमंत सोरेन को नई सरकार के गठन के लिए मैं बधाई देता हूं। हमें पूरी उम्मीद है कि वे सभी कार्यों को पूरा करेंगे।

झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा, यदि आप संविधान के अनुसार चलें, तो संविधान हम सभी से गरीबों की समस्या का समाधान करने की अपेक्षा करता है, यही अपेक्षा मेरी नई सरकार से भी है।

JMM सांसद महुआ माजी ने कहा, झारखंड मुक्ति मोर्चा एक परिवार है कोई पार्टी नहीं, परिवार के तमाम सदस्य मिलकर सरकार चलाते हैं और जनता के लिए काम करते हैं।

### मंत्रियों के चेहरे पर अभी तक नहीं बन पाई है सहमति

*राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अकेले हेमंत सोरेन को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सीएम पद की शपथ दिलाई। उनके साथ कैबिनेट के किसी मंत्री ने शपथ नहीं ली है। सूत्रों की माने तो मंत्रियों के नाम अभी तक तय नहीं पाए हैं ऐसे में इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि तीन महीने के लिए हेमंत कैबिनेट में नए चेहरे को भी जगह मिल सकती है। अगले एक से दो दिनों में इनके नाम फाइनल होने की संभावना है।*

## पत्रकार एवं पुलिस एक सिक्के के दो पहलू- पूनम पांडे





**रायपुर** - पत्रकार और पुलिस सामाजिक व्यवस्था की वह धुरी है जो समय-समय पर एक दूसरे के पूरक होकर काम करते हैं। पत्रकार वह आइना है जो सामाजिक चितन के साथ समस्याओं को उजागर करता है। समन्वय एवं सामंजस्य से ही बड़ी से बड़ी समस्याओं का निस्तारण आसानी से किया जा सकता है। ऐश्वर्या जनसेवा समर्थन सोसायटी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी में उक्त बातें रायपुर उतर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा। ऐश्वर्या जनसमर्थन सोसायटी द्वारा 22 पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों और 30 पत्रकारों को सम्मानित किया गया। ऐश्वर्या जनसेवा समर्थन सोसायटी की अध्यक्ष पूनम पांडे ने कहा कि पुलिस और पत्रकारों में बेहतर तालमेल रहे तो बड़ी से बड़ी घटनाओं को आसानी से राजफाश किया जा सकता है। पूनम पांडे ने कहा कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर पुलिसिंग हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों एवं पुलिस के मध्य समन्वय हमेशा स्थापित रहें।

छत्तीसगढ़ को केंद्र से मिली बड़ी सौगात

## राज्य की 18 सड़क परियोजनाओं को केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने दी मंजूरी

3289 करोड़ का प्रावधान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री ने राजधानी में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि साल 2024-25 के लिए केंद्र से छत्तीसगढ़ में करीब 18 परियोजनाओं के प्रावधानों को स्वीकृति मिली है. इसके लिए केंद्र से 3289 करोड़ करोड़ रूपये राज्य सरकार को मिलेंगे. साथ ही भविष्य में प्रस्तावित 1006 किलोमीटर लंबाई के आठ कार्यों के सर्वेक्षण और ष्ठक्क्र के लिए 35 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने छत्तीसगढ़ के लिए इतनी बड़ी राशि का प्रावधान करने के लिए



भारत सरकार तथा केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया. उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी की डबल इंजन सरकार का लाभ छत्तीसगढ़ की जानता को लगातार मिल रहा है. उन्होंने बताया कि कस्तूरमेटा से महाराष्ट्र सीमा तक डबल लेन में सड़क चौड़ीकरण और उन्नयन क कार्य किया जाएगा. इसके अलावा जगदलपुर-सुकमा-कोंटा मार्ग पर स्तिथ कांगेर वेली राष्ट्रीय उद्यान के भाग में डबल लेन सड़क चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का कार्य होगा.

### उपमुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना

प्रेसवार्ता के दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने पूर्व की भूपेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार के वक्त जब केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी रायपुर आए थे तब उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा था की हर प्रस्ताव की स्वीकृति दी जायेगी.

## जिला मुख्यालयों में खुलेंगे महिला पिंक थाने, डिप्टी सीएम ने जारी किया निर्देश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी जिला मुख्यालयो में महिला पिंक थाने खुलेंगे। इस संबंध में विभागीय तैयारी की जा रही है। इसके लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में विभागीय बैठक में महिला पिंक थाने शुरू करने की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह थाने महिलाओं के लिए सुरक्षित और सहयोगात्मक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए स्थापित किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 258 सड़कों की प्रगति की समीक्षा की। ये सड़कें पिछले 5-6 वर्षों से माओवादी गतिविधियों और सुरक्षा के अभाव में अपूर्ण थीं। उन्होंने इन सड़कों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने स्व सहायता समूहों के उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म पर अपलोड करने और स्वयं का भी एप्लिकेशन बनाने कहा। उन्होंने रीपा में मुख्य सचिव के नेतृत्व में गठित



समिति की जांच के बारे में जानकारी ली और स्व सहायता समूहों के भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों को सीजीआईटी के अगले शिक्षण सत्र से प्रारंभ के लिए आवश्यक तैयारी शीघ्र पूरी करने और नोडल अधिकारी की नियुक्ति के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों को तेजी पूर्ण कराने के लिए राजमिस्त्रियों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इस ट्रेड को प्रशिक्षण में शामिल किया जाए। ऐसे आईटीआई जहां मेशन ट्रेनिंग के लिए पद नहीं है, ववहां मेहमान प्रवक्ता से प्रशिक्षण का कार्य करवाया जाए। उन्होंने शासकीय आदर्श आईटीआई कोनी बिलासपुर की मरम्मत पर भी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# किसानों की समस्याओं के निदान के लिए विधायक इंद्र साव मिले कृषि मंत्री राम विचार नेताम से

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर विधायक इंद्र साव ने अपने रायपुर प्रवास के दौरान कृषि मंत्री राम विचार नेताम से मिलकर उन्हें समस्याओं से अवगत कराया,तथा उनसे विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की। इस दौरान कृषि मंत्री ने विधायक श्री साव की मांगों में सहमती जताते हुए शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाने तथा समस्या का समाधान करने का भरोसा दिलाया। विधायक इंद्र साव ने बतलाया क्षेत्र के किसान सरना बीज की कमी के लिए लगातार भटक रहे है,उनका केसीसी भी अब तक नहीं बन पा रहा है खेती किसानी के दिन आने के बाद किसानों को हो रही समस्या के स्थाई और जल्द निदान के लिए उन्होंने बीज निगम कार्यालय में कृषि मंत्री राम विचार नेताम से मुलाकात कर उनसे किसानो की समस्याओं से अवगत कराया गया।



श्री साव ने बतलाया कि क्षेत्र के किसान सरना धान के बीज के लिए भटक रहे हैं सेवा सहकारी समितियों में बीज उपलब्ध नहीं है धान बोनी का समय चल रहा है ऐसे में किसान निजी क्षेत्र से महंगे दामों पर बीज खरीद रहे हैं और उसमें भी बाजार में बड़ी संख्या में नकली बीज आए हैं जिनका ठीक ढंग से अंकुरण नहीं हो रहा।इसके अलावा श्री साव ने कृषि उपज मंडी के नये भवन के लिए चर्चा की साथ ही मंडी में चल रही अनियमितताओं और वहां आए कृषकों को हो रही परेशानियों को भी मंत्रीजी को विस्तार से बतलाया ।इसके अलावा श्री साव ने बरसात में पशुओं के टीकाकरण समय पर कराने की बात कही जिसे पर मंत्री जी ने तत्काल आवश्यक कदम उठाने तथा किसानों की समस्याओं को दूर करने का भरोसा दिलाया।

## विधायक इन्द्र साव की पहल पर नगर पालिका में दो करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत

मंत्री अरूण साव का आभार व्यक्त किया विधायक इन्द्र साव ने

**भाटापारा।** नगर पालिका में विभिन्न निर्माण कार्य से संबंधित 15वें वित्त आयोग की विगत एक वर्ष से लंबित कार्य योजना की स्वीकृति मिलने पर विधायक इन्द्र साव ने नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव का आभार व्यक्त किया है। विधायक इन्द्र साव ने बताया कि नगरीय निकाय मंत्री जी से विगत एक सप्ताह पूर्व उक्त समस्या के संबंध में अवगत कराया गया, जिस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर एक वर्ष से लंबित दो करोड़ की राशि स्वीकृत की गई। इस राशि से नगर विभिन्न वार्डों में विकास कार्य को गति मिलेगी।



## नीरू के ठिकानों पर साइबर सेल ने दी दबिश, लाखों रुपए बरामद

**रायपुर।** साइबर एवं क्राइम यूनिट पुलिस ने हवाला कारोबारी नीरू भाई के रायपुर स्थित ठिकाने पर दबिश दी। दबिश के दौरान टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 81 लाख 75 हजार रुपये बरामद किए हैं। हवाला कारोबारी नीरू भाई महादेव सट्टा ऐप समेत कई ऑनलाइन ऐप और ऑनलाइन सट्टा में खाइवालों की रकम हवाला के जरिए भेजता है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि पूर्व में ऑनलाइन महादेव सट्टा ऐप के पैनल पर कार्रवाई की थी। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में जानकारी लगी कि सट्टे का पैसा हवाला कारोबारी नीरू भाई खाईवाल के रूप में काम करता था, जिसके बाद पुलिस ने एक टीम गठित कर उसके रायपुर के शंकर नगर स्थित दफ्तर पर दबिश दी।

## जीवनदीप समिति की बैठक विधायक इंद्र साव की अध्यक्षता में हुई

**सिमगा।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को जीवनदीप समिति की बैठक विधायक श्री इंद्र साव की अध्यक्षता में हुई बैठक में अनेक स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि व भौतिक संसाधनों की उपलब्धता व सुधार आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पारस पटेल द्वारा अस्पताल के लक्ष्य के लिए उम्मीद जताते हुए जानकारी प्रस्तुत की विधायक श्री इन्द्र साव ने समीक्षा करते हुए कहा कि सिमगा नेशनल हाईवे पर स्थित है और यहां आये दिन सड़क दुघर्टनाऐं होती रहती है जिसमें गम्भीर रूप से घायल व्यक्तियों को ठीक ढंग से इलाज नहीं मिलता उन्हें तुरंत रायपुर रिफर किया जाता है जिसे सुधारने की आवश्यकता है जिसके लिए यहां ट्रामा सेंटर एवं चिकित्सकों की जरूरत है डॉक्टर पारस पटेल ने आय व्यय का ब्यौरा दिया विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए विधायक इंद्र साव ने एसी,वाटर कूलर एवं जीवनदीप समिति की कर्मचारियों का मासिक मानदेय बढ़ाने की अनुशंसा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए विधायक श्री साव अस्पताल परिसर का निरीक्षण करते हुए साफ सफाई के संबंध में जानकारी ली तथा मरीजों से भी मुलाकात की वहीं सिमगा के सोनकर मोहल्ले की महिला के नवजात शिशु को देख श्री साव ने खुशी जताते हुए बच्चे के परिवार वालों को बधाई दी विधायक श्री साव ने चिकित्सकों की कमी के लिए चिंता जाहिर करते हुए अति शीघ्र मेडिसिन चिकित्सक, आर्थो चिकित्सक,स्त्री रोग विशेषज्ञ, निश्चेतना विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति हेतु प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा करने की बात कही आज की बैठक में विधायक श्री इन्द्र साव के साथ विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष श्री हिरेन्द्र कोसले,पार्षद दशरथ चंद्राकर, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष श्री संतोष तिवारी, पार्षद शिरीज जांगड़े,, डॉक्टर साहिल,बी पी एम हेतराम कुर्रे,सोनल केसरवानी, सुनील तिवारी, प्रकाश यदु, युधिष्ठिर दीवान,परस देवांगन आदि उपस्थित थे।



# गैलेक्सी मोबाइल वर्ल्ड को मिला बलौदाबाजार जिले में पहला स्थान

**भाटापारा।** बलौदा बाजार जिले में सर्वश्रेष्ठ बजाज फाइनेंस में सर्वाधिक फाइनेंस करने में पहला स्थान प्राप्त कर लिया वह साथ ही छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ डीलरों में अपनी श्रेणी हासिल की गैलेक्सी मोबाइल वर्ल्ड को बजाज फायनेंस छत्तीसगढ़ हेड श्री भूषण अधेकर जी सीनियर सेल्स मैनेजर श्री रजनीश शुक्ला जी और भाटापारा शहर के ब्रांच मैनेजर श्री अंकित तिवारी ने बलौदाबाजार जिले में लगातार 2022 से अभी तक सबसे सर्वाधिक ग्राहकों के फाइनेन्स की सुविधा देने पर बधाई दी साथ 20000 का चेक देकर सम्मानित किया साथ ही बजाज टीम ने कहा कि भाटापारा शहर में सर्वाधिक फ़ाइल करके गैलेक्सी मोबाइल जिस मुकाम पर आया है उसके लिए बधाई हम चाहते है कि इसी तरह भाटापारा ब्रॉंच का नाम गैलेक्सी मोबाइल वर्ल्ड जिले और छत्तीसगढ़ में युही शुशोभित करता रहे ,गैलेक्सी मोबाइल के संचालक योगेन्द्र यदु ने बताया कि अपने ग्राहकों के विश्वाश और अपने दुकान कि टीम और बजाज फाइनेन्स संभालने वाले सूरज ध्रुव की वजह से यह सब सम्भव हो पाया योगेन्द्र यदु ने कहा हम भाटापारा में ग्राहकों के लिए सभी ब्रांड को आसान किश्तो में उपलब्ध कराते है जैसे भाटापारा शहर में i phone 24 महीनों के आसान किश्तो में गैलेक्सी मोबाइल में बस उपलब्ध है ग्राहकों को सही दाम और सर्विस देने की वजह से ये सब सम्भव हो पाया है मैं गैलेक्सी मोबाइल वर्ल्ड को ईस मुकाम तक पहुचाने के लिए अपने सभी ग्राहकों का सम्मान धन्यवाद करता हु और बजाज टीम का भी धन्यवाद करता हु जो ग्राहकों के लिए नए नए स्कीम लेकर आती है और जीरो डाउन पेमेंट जैसी सुविधा उपलब्ध करवाती है बलौदा बाजार जिले में प्रथम स्थान तक पहुचाने के लिए गैलेक्सी मोबाइल के संचालक योगेंद्र यदु ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



# बालको ने विश्व योग दिवस पर किया विभिन्न योगाभ्यास शिविर का आयोजन

**बालकोनगर ।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व योग दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित किए। कंपनी के सामुदायिक विकास विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न योगाभ्यास शिविर में लगभग 700 लोगों ने हिस्सा लिया। योग में बालको के कर्मचारियों उनके परिवारजनों, व्यावसायिक साझेदारों तथा स्थानीय लोगों ने आयोजन में शिरकत की।





कंपनी ने योग का शिविर के माध्यम से कवर्धा, मैनपाट, और बालको के वेदांता स्किल स्कूल में योग शिविर का आयोजन कर युवाओं को योग के प्रति प्रोत्साहित किया। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा संचालित नंद घर के नन्हें बच्चों में योग की समझ विकसित करने के उद्देश्य 21 नंद घर में योग्याभ्यास का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देन के लिए संचालित आरोग्य परियोजना तथा माहवारी स्वास्थ्य एवं प्रबंधन के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने वाली नयी किरण परियोजना के अंतर्गत आयोजित विभिन्न योग शिविर में किशोर युवक और युवतियों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया।



बालको मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने सभी को उत्तम स्वास्थ्य और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया ने भारत की प्राचीन विद्या योग को मान्यता दी है। योग साधना सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखने का जरिया नहीं है बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक उन्नति का जरिया भी है। योग विद्या ने विश्वभर में नई ऊंचाइयों को छूआ है। उन्होंने कहा कि बालको प्रबंधन द्वारा प्रति वर्ष विश्व योग दिवस के अवसर पर बालकोनगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से शिविर का आयोजन प्रशंसनीय है।

सभी प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए योग विशेषज्ञ प्रीति मंडल ने कहा कि बालको में आयोजित 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह मेरे लिए बेहतरीन अनुभव रहा जिसका हिस्सा बनने पर मुझे गर्व है। उन्होंने कहा कि निरंतर योग करने से मन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है जो हमारे तन और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। योग विशेषज्ञों ने सभी योग साधकों को सूर्य नमस्कार, मक्रासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम, ताड़ासन, सेतु बंध, स्कंध चक्र, शवासन, प्राणायाम, ध्यान, संकल्प, शांति पथ आदि योगासन का अभ्यास कराया। सभी योग साधकों ने जीवनशैली में नियमित रूप से योग को अपनाने का निश्चय किया।

# बालको मेगा रक्तदान शिविर में 250 लोगों ने लिया हिस्सा

**बालकोनगर ।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने कोरबा के जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बालको अस्पताल में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में कंपनी के कर्मचारी एवं उनके परिवारजन, व्यावसायिक साझेदार और समुदाय के सदस्यों ने हिस्सा लिया। लोगों के संयुक्त प्रयासों के परिणामस्वरूप कोरबा जिले में एक दिन में 250 यूनिट से अधिक जीवन रक्षक रक्त एकत्र किए गये।



विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर कंपनी द्वारा आयोजित एक दिवसीय मेगा रक्तदान शिविर कोरबा जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बालको अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों और नर्सों के देखरेख में संचालित किया गया। समर्पित चिकित्सा कर्मचारियों ने शिविर के दौरान रक्त संग्रह के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने के साथ ही रक्तदान प्रक्रिया और इसके लाभ के बारे में स्वयंसेवकों के बीच व्यापक जागरूकता पैदा करने में भी मदद की। सावधानीपूर्वक स्क्रीनिंग और जांच के बाद एकत्रित रक्त को कोरबा के सरकारी मेडिकल कॉलेज के रक्त बैंक में संग्रहीत किया गया। जरूरतमंद लोगों को ब्लड यूनिट नि:शुल्क प्रदान की जाएंगी। थैलेसीमिया, सिकल सेल, कैंसर, सड़क यातायात दुर्घटनाओं, गर्भवती माताओं और हीमोफिलिया वाले व्यक्तियों के इलाज के लिए उनकी रक्त आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।



बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि हमने चिकित्सा संबंधी चुनौतियों की एक विस्तृत समझ के साथ सभी लिंग एवं आयु समूह के कल्याण को संबोधित करने के लिए तैयार की गई विविध पहलों के माध्यम से समुदाय के स्वास्थ्य को लगातार प्राथमिकता दी है। रक्तदान अभियान के दौरान समुदाय की सामूहिक प्रतिक्रिया को देखना सुखद है जिससे रक्त बैंक के भंडार को बढ़ाने में महत्वपूर्ण मदद मिली है। इस प्रयास ने आपातकालीन रक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए चिकित्सा ढांचे को मजबूत किया है और अनगिनत लोगों की जान बचाई है। बालको के प्रयास की सराहना करते हुए कोरबा के मुख्य स्वास्थ्य और चिकित्सा अधिकारी श्री एस. एन. केसरी ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है और 250 से अधिक लोगों का रक्तदान कराना वास्तव में एक उल्लेखनीय प्रयास है। मैं प्रत्येक रक्तदाता को उनके निस्वार्थ कार्य के लिए बधाई देता हूँ। उदारता का यह कार्य हमारे समुदाय में अनगिनत लोगों की जान बचाने में मदद करेगा जिससे कई परिवारों को इसका लाभ मिलेगा।

बालको का मेगा रक्तदान शिविर जीवन रक्षक ब्लड यूनिट को एकत्रित करने में सफल रहा। सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र के माध्यम से उनके योगदान को सराहा गया। इसका उद्देश्य उनके निस्वार्थ कार्यों का सम्मान करना और प्रोत्साहन प्रदान करना था। बालको समुदाय की भलाई में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत पूरे वर्ष कई स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित करता है। वित्तवर्ष 2024 में 1.35 लाख से अधिक लोगों के जीवन को को लाभ पहुंचाया है। कंपनी अपने आरोग्य परियोजना के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य पहल का संचालन करता है। स्वास्थ्य पोस्ट (आरएचपी) के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित कर रहा है। साथ ही एचआईवी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और कुपोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता अभियान चलाता है। परियोजना ने वित्तीय वर्ष 2024 में लगभग 50,000 लोग लाभान्वित हुए हैं। कंपनी अपने मोबाइल हेल्थ वैन (एमएचवी) के माध्यम से क्षेत्र में 'उपचार आपके दरवाजे' थीम पर लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुलभ बनाया है जो हर 15 दिनों में क्षेत्र का दौरा करती है। वित्तीय वर्ष 2024 में लगभग 15,500 से अधिक नागरिक लाभान्वित हो चुके हैं। कंपनी त्रैमासिक मेगा स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता आयोजित करता है जो टीकाकरण, स्वच्छता प्रथाओं और समग्र स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देते हैं। नई किरण परियोजना के तहत बालको ने कोरबा के 45 गांवों में जागरूकता के माध्यम से 57,000 से अधिक लोगों को माहवारी के दौरान स्वच्छ प्रथाओं के बारे में जागरूक किया है। बालको मेडिकल सेंटर 170 बिस्तरों का अत्याधुनिक कैंसर उपचार केंद्र है। देश में कैंसर उपचार के क्षेत्र में यह अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित है। वर्ष 2018 में केंद्र के उद्घाटन के बाद लगभग 38,500 पीड़ितों को विभिन्न विशेषज्ञों ने उपचार मुहैया कराए हैं। 100 आधुनिक बेड से युक्त बालको अस्पताल कंपनी के कर्मचारियों एव उनके परिवारजन और विभिन्न जिलों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करता है। विशेषज्ञों की टीम है जिसमें सामान्य चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट, दंत चिकित्सक, नेत्र रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, एनेस्थेसियोलॉजिस्ट, स्त्री रोग विशेषज्ञ और आर्थोपेडिक सर्जन के साथ 09 विजिटिंग कंसल्टेंट शामिल हैं। इसे 14 रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर, 60 नर्स और 113 स्टाफ सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। नियमित जांच शिविर, जागरूकता शिविर आयोजित करने के साथ ही आयुष्मान भारत और राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के साथ ही सरकार द्वारा निर्धारित समस्त टीकाकरण कार्यक्रमों का अनुसरण बालको अस्पताल में किया जाता है। बालको अस्पताल छत्तीसगढ़ के कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर और जांजगीर चांपा जिलों से हर साल 2 लाख 10 हजार से अधिक रोगियों को सेवा प्रदान करता है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित,
संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in